# सी.बी.एस.ई.

## हल प्रश्न-पत्र-2023

## हिन्दी 'अ'

## कक्षा-X

## (Delhi & Outside Delhi Sets)

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश—**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए।

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में कुल 17 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

*(ii)* इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं — **खंड 'अ'** और **खंड 'ब'**। **खंड 'अ'** में बहुविकल्पीय/वस्तुपरक और **खंड 'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

*(iii)* **खंड 'अ'** में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

*(iv)* **खंड 'ब'** में कुल 7 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

*(v)* प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

*(vi)* यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

**Delhi Set-I** **3/4/1**

### खण्ड-'अ'

**(बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए—** $5 \times 1 = 5$

वैज्ञानिकों का मानना है कि दुनियाभर में बढ़ते पर्यावरण संकट को कम करने में जैविक खेती एक उपचारक भूमिका निभा सकती है। गौरतलब है कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में प्राकृतिक खेती बड़े पैमाने पर अपनाई जा रही है। धीरे-धीरे दक्षिण, मध्य भारत और उत्तर भारत में भी यह किसानों में लोकप्रिय हो रही है। अब किसानों ने जैविक खेती को एक सशक्त विकल्प के रूप में अपना लिया है। गौरतलब है कि जैविक या प्राकृतिक खेती की तरफ़ भारतीय किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। धीरे-धीरे जैविक खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। जैविक बीज, जैविक खाद, पानी, किसानी के यंत्रों आदि की आसानी से उपलब्धता जैविक खेती की लोकप्रियता को और अधिक बढ़ा सकती है।

प्राकृतिक खेती को लेकर अनुसंधान भी बहुत हो रहे हैं। किसान नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। इससे कृषि वैज्ञानिक भी प्राकृतिक खेती को लेकर अधिक उत्साहित हैं। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि जैविक या प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से पर्यावरण, खाद्यान्न, भूमि, इंसान की सेहत, पानी की शुद्धता को और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों और समस्याओं की जानकारी न होने की वजह से किसान इनका प्रयोग काफी ज़्यादा करने लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ़ सिक्किम में प्राकृतिक खेती से पर्यावरण को जितनी मदद मिली है उससे साफ़ हो गया है कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर कई समस्याओं का समाधान हो सकता है।

**(i)** आज जैविक खेती की माँग क्यों बढ़ती जा रही है?

**(a)** सस्ती होने के कारण **(b)** अधिक उत्पादन के कारण

**(c)** स्वच्छ पर्यावरण के कारण **(d)** सरकारी मदद मिलने के कारण 1

**(ii)** सही कथन का चयन कीजिए—
- **(a)** उत्तर भारत में जैविक खेती के लिए प्रेरणा की ज़रूरत है।
- **(b)** पूर्वोत्तर राज्यों में जैविक खेती के प्रति अधिक उत्साह है।
- **(c)** लोगों में प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी का अभाव है।
- **(d)** प्राकृतिक खेती के लिए विश्वविद्यालय से शिक्षित होना ज़रूरी है। **1**

**(iii)** जैविक खेती को किसानों की पहली पसंद बनाने के लिए क्या करना चाहिए?
- **(a)** रासायनिक खेती निषिद्ध की जानी चाहिए।
- **(b)** बाज़ार में केवल जैविक उत्पादों बिक्री होनी चाहिए।
- **(c)** युवकों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए।
- **(d)** जैविक बीज, खाद, किसानी के यंत्र आदि सुविधाएँ उपलब्ध करवानी चाहिए। **1**

**(iv)** वर्तमान समय में खेती के लिए; अनुसंधानों में बढ़ोतरी किसके बारे में हुई है?
- **(a)** जैविक खेती
- **(b)** रासायनिक खाद
- **(c)** नई-नई दवाइयाँ
- **(d)** नए बीज **1**

**(v)** किसान कीटनाशकों और रासायनिक खादों का अधिक प्रयोग क्यों करने लगे हैं?
- **(a)** सहज उपलब्धता के कारण
- **(b)** दुष्प्रभावों की जानकारी न होने के कारण
- **(c)** अधिक प्रचार-प्रसार के कारण
- **(d)** सस्ती होने के कारण **1**

**2. निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए—**

**5 × 1 = 5**

## पद्यांश-एक

भले ही अँधेरा घिरे हर दिशा से,
मगर हम नया भोर लाकर रहेंगे।
घृणा-स्वार्थ के इस कठिन संक्रमण में,
सुनो हम नया दौर लाकर रहेंगे।
प्रगति और विज्ञान का नाम लेकर,
मनुज को मनुज आज ठगने लगे हैं।
नई आर्थिक दौड़ की रोशनी में,
हमें मूल्य सब झूठ लगने लगे हैं।
मगर बात इतनी सुनो विश्व वालो,
इसी रोशनी में कभी हम बहेंगे।
सही या गलत रह गया क्या कहीं कुछ,
जरा भी उचित और अनुचित नहीं कुछ।
सुनो इस कदर स्वार्थ टकरा रहे हैं,
पतन की नहीं और सीमा रही कुछ।
मगर हम उठेंगे प्रलय मेघ बनकर,
कठिन दुर्ग पाखण्ड के सब ढहेंगे।
बताना हमें सत्य सारे जगत को,
जगाना हमें सुप्त इंसानियत को।
करेगा ज़माना सदा गर्व हम पर,
हमें खोजना एकता के अमृत को।
भले ही किसी राह जाए जमाना,
मगर हम सही राह थामे रहेंगे।

**(i)** कवि को विश्वास है कि—
- **(a)** वह अंधकार को उजाले में बदलेगा।
- **(b)** वह पुराने को नए में बदलेगा।
- **(c)** वह रात को शाम में बदलेगा।
- **(d)** वह दु:ख को सुख में बदलेगा। **1**

**(ii)** जीवन-मूल्यों के कमज़ोर पड़ने का कारण है—
- **(a)** अंधी दौड़।
- **(b)** वैज्ञानिक दौड़।
- **(c)** विदेश की दौड़।
- **(d)** आर्थिक दौड़। **1**

**(iii)** भारत की किस विशेषता पर पूरा विश्व गर्व करेगा?
- **(a)** अहिंसक प्रवृत्ति
- **(b)** वैज्ञानिक प्रगति
- **(c)** ऐतिहासिक ज्ञान
- **(d)** एकता की भावना **1**

**(iv)** 'किसी का अंधानुकरण न करके अपने लिए सही मार्ग का चयन करेंगे'—यह भाव कविता की किन पंक्तियों में आया है?

**(a)** भले ही अँधेरा घिरे हर दिशा से,
मगर हम नया भोर लाकर रहेंगे

**(b)** घृणा-स्वार्थ के इस कठिन संक्रमण में,
सुनो हम नया दौर लाकर रहेंगे

**(c)** भले ही किसी राह जाए ज़माना,
मगर हम सही राह थामे रहेंगे

**(d)** मगर बात इतनी सुनो विश्व वालो,
इसी रोशनी में कभी हम बहेंगे **1**

**(v)** 'कठिन दुर्ग पाखण्ड के सब ढहेंगे'—काव्य पंक्ति का आशय है—

**(a)** समाज से भेदभाव का नाश होगा **(b)** लोगों में स्वार्थ भावना का अंत होगा

**(c)** समाज से आडंबरों का नाश होगा **(d)** अंधविश्वास रूपी किलों का पतन होगा **1**

**अथवा**

## पद्यांश—दो

सुनता हूँ, मैंने भी देखा,
काले बादल में रहती चाँदी की रेखा।
काले बादल जाति द्वेष के,
काले बादल विश्व क्लेश के,
काले बादल उठते पथ पर
नव स्वंतत्रता के प्रवेश के!
सुनता आया हूँ, है देखा,
काले बादल में हँसती चाँदी की रेखा!
आज दिशा है घोर अँधेरी
नभ में गरज रही रणभेरी,
चमक रही चपला क्षण-क्षण पर
झनक रही झिल्ली झन-झन कर,
नाच-नाच आँगन में गाते केकी-केका
काले बादल में लहरी चाँदी की रेखा!
काले बादल, काले बादल,
मन भय से हो उठता चंचल।
कौन हृदय में कहता पल-पल
मृत्यु आ रही साजे दल बल!
आग लग रही, घात चल रहे, विधि का लेखा!
काले बादल में छिपती चाँदी की रेखा!
मुझे मृत्यु की भीति नहीं है,
पर अनीति से प्रीति नहीं है,
यह मनुजोचित रीति नहीं है,
जन में प्रीति प्रतीति नहीं है!
देश जातियों का कब होगा,
नव मानवता में रे एका,
काले बादल में कल की
सोने की रेखा!

**(i)** 'काले बादल' और 'चाँदी की रेखा' किनका प्रतीक हैं? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए नीचे दिए प्रतीकों को पढ़कर उचित विकल्प का चयनकर लिखिए।

**(a)** विपत्तियाँ **(b)** कालिमा

**(c)** आशा की किरण **(d)** बिजली

विकल्प—

**I.** (a, b) **II.** (c, d)

**III.** (a, c) **IV.** (b, d) **1**

**(ii)** स्वतंत्रता प्राप्ति के मार्ग में किस प्रकार के बादल छाए हुए हैं? नीचे दिए गए कारकों को पढ़कर इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कर लिखिए।

**(a)** जाति द्वेष के **(b)** घनघोर-घटाओं के

**(c)** परस्पर वैमनस्य के **(d)** वैश्विक अशांति के

**विकल्प—**

**I.** (a, b) **II.** (b, c)

**III.** (c, d) **IV.** (a, d) **1**

**(iii)** कैसे वातावरण में आशा की किरण छिप जाती है? नीचे दिए कारकों को पढ़कर इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कर लिखिए।

**(a)** जब तेज़ वर्षा हो **(b)** जब मन निराशा से भयभीत हो

**(c)** जब षड्यंत्र रचे जा रहे हों **(d)** जब बादल न छाए हों

**विकल्प—**

**I.** (a, b) **II.** (b, c)

**III.** (c, d) **IV.** (a, d) **1**

**(iv)** मोर-मोरनी द्वारा आँगन में नृत्य प्रस्तुत करने से क्या अभिप्राय है?

**(a)** उन दोनों का प्रसन्न होकर नृत्य करना।

**(b)** निराशा के बादल छँटने लगे, खुशियों ने दस्तक दे दी है।

**(c)** दोनों नृत्य कर बादलों को बरसने के लिए मज़बूर कर रहे हैं।

**(d)** मोर सुहावने मौसम का आनंद ले रहे हैं। **1**

**(v)** 'चाँदी की रेखा' को 'सोने की रेखा' में कब बदला जा सकता है?

**(a)** देश-जातियों की एकता होने पर **(b)** काले बादलों के दूर होने पर

**(c)** बादलों में सूर्य के छिपने पर **(d)** मृत्यु से भयभीत न होने पर **1**

**3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए— 4 × 1 = 4**

**(i)** निम्नलिखित में मिश्र वाक्य कौन-सा है?

**(a)** हालदार साहब जब कस्बे से गुज़रते तब नेताजी की मूर्ति पर बदले हुए चश्मों को देखते।

**(b)** ज्ञान-चक्षु खुल गए।

**(c)** नवाब साहब ने खीरे की तैयारी की और थककर लेट गए।

**(d)** क्या ऐसे तरीक़े से उदर की तृप्ति भी हो सकती है? **1**

**(ii)** निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य कौन-सा है?

**(a)** उन्होंने हमें देखकर भी अनदेखा किया।

**(b)** उन्होंने दोनों खीरों के सिर काटे और उन्हें गोदकर झाग निकाला।

**(c)** दूर तो जाना नहीं था।

**(d)** बर्थ पर एक सफ़ेदपोश सज्जन बैठे थे जिन्होंने हमारी संगति के लिए कोई उत्साह नहीं दिखाया। **1**

**(iii)** निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य होगा—

पानी मुँह में भर आया और उसका घूँट गले से उतर गया।

**(a)** जब पानी मुँह में भर आया तब उसका घूँट गले से उतर गया।

**(b)** जैसे ही मुँह में पानी भर आया वैसे ही उसका घूँट गले से उतर गया।

**(c)** मुँह में पानी भर आया इसलिए पानी का घूँट गले से उतर गया।

**(d)** मुँह में भर आए पानी का घूँट गले से उतर गया। **1**

**(iv)** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए—

जब भी वे काशी से बाहर रहते, तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते।

**(a)** संज्ञा आश्रित उपवाक्य **(b)** क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य

**(c)** विशेषण आश्रित उपवाक्य **(d)** प्रधान उपवाक्य **1**

**(v)** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए—

उनकी भाव-भंगिमा से स्पष्ट हो रहा था कि उस प्रक्रिया में वे खीरे का रसास्वादन कर रहे हैं।

**(a)** प्रधान उपवाक्य **(b)** संज्ञा आश्रित उपवाक्य

**(c)** द्वितीय समानाधिकरण उपवाक्य **(d)** विशेषण आश्रित उपवाक्य 1

**4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए— $4 \times 1 = 4$**

**(i)** 'वें हमें भी मामूली लोगों की हरकत में लथेड़ लेना चाहते हैं।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है?

**(a)** कर्तृवाच्य **(b)** कर्मवाच्य

**(c)** भाववाच्य **(d)** मुख्यवाच्य 1

**(ii)** 'नवाब साहब द्वारा खीरे पर मसाला छिड़का गया।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है?

**(a)** कर्तृवाच्य **(b)** भाववाच्य

**(c)** कर्मवाच्य **(d)** मुख्यवाच्य 1

**(iii)** 'उनसे बर्थ पर सुविधा से बैठा नहीं जा रहा था'। वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है?

**(a)** कर्मवाच्य **(b)** भाववाच्य

**(c)** कर्तृवाच्य **(d)** मुख्यवाच्य 1

**(iv)** 'सफ़र का वक़्त काटने के लिए ही उन्होंने खीरे खरीदे होंगे।'

इस वाक्य का कर्मवाच्य में परिवर्तित रूप होगा—

**(a)** सफ़र का वक़्त काटने के लिए ही उनके द्वारा खीरे खरीदे गए होंगे।

**(b)** उन्होंने खीरे, सफ़र का वक़्त काटने के लिए ही, खरीदे होंगे।

**(c)** सफ़र का वक़्त काटने के लिए उनसे खीरे खरीदे जा रहे थे।

**(d)** सफ़र का वक़्त काटने के लिए ही उनके द्वारा खीरे खरीदे जाएँगे। 1

**(v)** निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है?

**(a)** टिकट सेकण्ड क्लास का लिया गया। **(b)** फाँक को सूँघा गया।

**(c)** जेब से चाकू निकाला गया। **(d)** ऊपर की बर्थ पर चढ़ा नहीं जाता। 1

**5. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों में से किन्हीं चार पदों के सही पद परिचय वाला विकल्प चुनकर लिखिए— $4 \times 1 = 4$**

"नमक-मिर्च छिड़क दिए जाने से ताज़े खीरे की पनियाती फाँकें देखकर मुँह में पानी खूब आ रहा था लेकिन वे इंकार कर चुके थे।"

**(i)** खीरे

**(a)** जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, संबंधकारक

**(b)** व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, संबंधकारक

**(c)** जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंधकारक

**(d)** व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक 1

**(ii)** पनियाती

**(a)** गुणवाचक विशेषण, 'फाँकें' विशेष्य, स्त्रीलिंग, बहुवचन

**(b)** गुणवाचक विशेषण, 'खीरे' विशेष्य, स्त्रीलिंग, बहुवचन

**(c)** गुणवाचक विशेषण, 'फाँकें' विशेष्य, पुल्लिंग, बहुवचन

**(d)** गुणवाचक विशेषण, 'खीरे' विशेष्य, स्त्रीलिंग, एकवचन 1

**(iii)** खूब

**(a)** रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'देखकर' क्रिया का विशेषण

**(b)** परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण, 'आ रहा था' क्रिया का विशेषण

**(c)** स्थानवाचक क्रिया-विशेषण, 'देखकर' क्रिया का विशेषण

**(d)** रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'आ रहा था' क्रिया का विशेषण 1

**(iv)** लेकिन

**(a)** समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो वाक्य जोड़ रहा है।
**(b)** समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है।
**(c)** व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है।
**(d)** व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है। **1**

**(v)** वे

**(a)** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्त्ताकारक
**(b)** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक
**(c)** निश्चयवाचक सर्वनाम, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक
**(d)** निश्चयवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक **1**

**6. निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** **4 × 1 = 4**

**(i)** "मंगन को देखि पट देत बार-बार है।" इस पंक्ति में निहित अलंकार है—

**(a)** उत्प्रेक्षा **(b)** अतिशयोक्ति
**(c)** मानवीकरण **(d)** श्लेष **1**

**(ii)** "सो जनु हमरेहि माथें काढ़ा। दिन चलि गए ब्याज बड़ बाढ़ा।"
इस चौपाई में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** उत्प्रेक्षा **(b)** अतिशयोक्ति
**(c)** मानवीकरण **(d)** श्लेष **1**

**(iii)** "जिसके अरुण - कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में।
अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में।" इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** श्लेष **(b)** मानवीकरण
**(c)** उत्प्रेक्षा **(d)** अतिशयोक्ति **1**

**(iv)** "पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** अतिशयोक्ति **(b)** श्लेष
**(c)** उत्प्रेक्षा **(d)** मानवीकरण **1**

**(v)** "हनुमान की पूँछ में लगन पाई आग
लंका सिगरी जल गई गए निसावर भाग"
इस दोहे में निहित अलंकार है—

**(a)** श्लेष **(b)** अतिशयोक्ति
**(c)** उत्प्रेक्षा **(d)** मानवीकरण **1**

**7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए—** **5 × 1 = 5**

जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब इस मूर्ति के बारे में सोचते रहे, और अंत में इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए। महत्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देश-भक्ति भी आजकल मज़ाक की चीज़ होती जा रही है।

दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है। पहले मोटे फ्रेमवाला चौकोर-चश्मा था, अब तार के फ्रेमवाला गोल चश्मा है।

**(i)** जीप के आगे बढ़ने पर भी हालदार साहब का मूर्ति के बारे में सोचते रहने का कारण था—

**(a)** देशप्रेम की भावना **(b)** कस्बे में लगी मूर्ति का सौंदर्य
**(c)** मूर्ति पर संगमरमर का चश्मा न होना **(d)** मूर्ति का रख-रखाव न होना **1**

**(ii)** हालदार साहब ने नागरिकों के प्रयास को बताया—

**(a)** उदारवादी **(b)** अकल्पनीय
**(c)** प्रशंसनीय **(d)** बचकाना **1**

**(iii)** "दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे" इस वाक्य में 'उधर' शब्द किसके लिए संकेत है?

**(a)** कस्बे के लिए **(b)** चौराहे के लिए

**(c)** नगरपालिका के लिए **(d)** उत्साही लेखक के लिए 1

**(iv)** उन्होंने मूर्ति में क्या अंतर देखा?

**(a)** मूर्ति ने कपड़े पहने हैं **(b)** मूर्ति ने शाल ओढ़ी है

**(c)** मूर्ति पर चश्मा बदल गया है **(d)** मूर्ति को पेंट कर दिया है 1

**(v)** हालदार साहब जीप से कहाँ जाते थे?

**(a)** कस्बे में लगी मूर्ति देखने **(b)** अपनी फैक्टरी का काम देखने

**(c)** अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने **(d)** कम्पनी के काम से कस्बे से आगे 1

**8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए—** **$2 \times 1 = 2$**

**(i)** किस घटना के आधार पर कहा जा सकता है कि बालगोबिन भगत प्रचलित सामाजिक मान्यताओं को नहीं मानते थे?

**(a)** जवान बेटे की मृत्यु पर पद गा रहे थे **(b)** हर वर्ष गंगा स्नान के लिए जाते

**(c)** अपनी खेती-बाड़ी स्वयं करते **(d)** बेटे का क्रिया-कर्म बहू से करवाया 1

**(ii)** शहनाई और डुमराँव एक-दूसरे के लिए उपयोगी क्यों हैं?

**(a)** डुमराँव में उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ का जन्म हुआ

**(b)** इनके परदादा उत्साद सलार हुसैन खाँ डुमराँव निवासी थे

**(c)** रीड की नरकट डुमराँव में सोन नदी-किनारे पाई जाती है?

**(d)** बिहार के संगीत प्रेमी परिवार डुमराँव में रहते थे 1

**9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन कर लिखिए—** **$5 \times 1 = 5$**

या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार की स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था
तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर

**(i)** मुख्य गायक अपने ही सरगम को किस कारण लाँघ जाता है?

**(a)** गाने की रौ में भटकने के कारण **(b)** संगतकार द्वारा साथ देने के कारण

**(c)** संगतकार द्वारा साथ न देने के कारण **(d)** संगतकार नौसिखिया था 1

**(ii)** मुख्य गायक कहाँ भटक जाता है?

**(a)** समुद्र के भँवरजाल में **(b)** बचपन की स्मृतियों में

**(c)** तबले की ताल में **(d)** शोर-गूँज के भँवरजाल में 1

**(iii)** मुख्य गायक के भटकने पर संगतकार उसकी सहायता कैसे करता है?

**(a)** उसका सामान उठाकर **(b)** उसका हाथ पकड़कर

**(c)** स्थायी को सँभालकर **(d)** बचपन की याद दिलाकर 1

**(iv)** "जब वह नौसिखिया था"— इस वाक्य में 'वह' किसके लिए आया है?

**(a)** संगतकार **(b)** मुख्य गायक

**(c)** संयोजक **(d)** बाँसुरी वादक **1**

**(v)** 'तारसप्तक' में जब बैठने लगता है उसका गला। यहाँ 'तारसप्तक' से क्या अभिप्राय है?

**(a)** धीमा स्वर **(b)** शुद्ध स्वर

**(c)** दुगुना धीमा स्वर **(d)** दुगुना ऊँचा स्वर **1**

**10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए— 2×1 = 2**

**(i)** गोपियाँ उद्धव को भाग्यवान मानती हैं क्योंकि—

**(a)** गोपियाँ श्रीकृष्ण के प्रेम में लिप्त हैं, फिर भी विरह वेदना झेल रही हैं।

**(b)** उद्धव श्रीकृष्ण के प्रेम-बंधन से मुक्त और अलिप्त होने के कारण विरह वेदना से भी मुक्त हैं।

**(c)** उद्धव को मथुरा में श्रीकृष्ण का सान्निध्य हर समय प्राप्त है।

**(d)** उद्धव ने बड़ी-बड़ी पोथियाँ पढ़कर ज्ञान अर्जित किया है। **1**

**(ii)** परशुराम के क्रोधित होने का कारण था—

**(a)** सीता स्वयंवर में राम-लक्ष्मण का पहुँचना

**(b)** लक्ष्मण द्वारा उनके गुरु, शिव का धनुष तोड़ना

**(c)** राम-लक्ष्मण द्वारा उनके प्रश्नों का जवाब न देना

**(d)** राम द्वारा शिव-धनुष का भंग करना **1**

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए—3 × 2 = 6**

**(क)** भदंत आनंद कौसल्यायन के अनुसार 'संस्कृति' से क्या अभिप्राय है?

**(ख)** 'नवाब साहब ने खीरे बाहर फेंक दिए'— आपकी दृष्टि में उनका यह व्यवहार कहाँ तक उचित है?

**(ग)** हम कैसे कह सकते हैं कि मन्नू भण्डारी के पिता बेहद कोमल और संवेदनशील व्यक्ति थे?

**(घ)** भारत रत्न बिस्मिल्ला खाँ पर 'सादा जीवन उच्च विचार' वाली कहावत चरितार्थ होती है, कैसे?

**12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए—3 × 2 = 6**

**(क)** 'आत्मकथ्य' से उद्धृत निम्नलिखित काव्य-पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए—
"उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की।"

**(ख)** 'अट नहीं रही है' कविता में कवि ने फागुन मास के सौंदर्य को किस प्रकार चित्रित किया है?

**(ग)** "धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ........
छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात"
'तुम्हारी ये दंतुरित मुस्कान' से ली गई उपर्युक्त पंक्तियों में प्रयुक्त बिम्ब को स्पष्ट कीजिए।

**(घ)** "मिट्टी के गुण-धर्म को सुरक्षित कैसे रखा जा सकता है?" 'फ़सल' कविता के आधार पर लिखिए।

**13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए— 2 × 4 = 8**

**(क)** 'माता का अँचल' पाठ में बच्चों की दिनचर्या आजकल के बच्चों की दिनचर्या से भिन्न है, कैसे? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**(ख)** 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि प्राकृतिक जल संचय की व्यवस्था को कैसे सुधारा जा सकता है? इस दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर टिप्पणी कीजिए।

**(ग)** 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि आपके विचार से विज्ञान का दुरुपयोग कैसे हो रहा है और उससे कैसे बचा जा सकता है?

**14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए—** **6**

**(क)** आज़ादी का अमृत महोत्सव
- शुरूआत कब और कहाँ
- नए संकल्प
- विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम
- भारत की पहचान

**(ख)** ऑनलाइन खरीददारी : समय की माँग
- ऑनलाइन खरीददारी से अभिप्राय
- खरीददारी करते समय संयम की आवश्यकता
- बदलते समय की आवश्यकता
- खरीददारी के समय सावधानियाँ

**(ग)** मधुर वचन हैं औषधि
- शांति देने वाले
- भाईचारा और प्रेम
- उदाहरण (प्रकृति और आस-पास से)
- व्यक्तित्व में निखार

**15. (क)** आप तनुज/तनुजा हैं। विद्यालय के पुस्तकालय में छात्रों को समसामयिक विषयों पर पुस्तकों का अभाव खटकता है। प्रधानाचार्य जी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर इस विषय से संबंधित पुस्तकें मँगवाने के लिए निवेदन कीजिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** आप विभू/विभूति हैं। अपने मित्र तेजस्विन शंकर को राष्ट्रमंडल खेल में ऊँची कूद के लिए पदक जीतने पर लगभग 100 शब्दों में बधाई-पत्र लिखिए।

**16. (क)** आपका नाम दिव्य/दिव्या है। आपने इसी वर्ष बी.कॉम. की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। अपनी शैक्षणिक योग्यताओं और रुचि का वर्णन करते हुए रेलवे बोर्ड में कार्यालय सहायक के रिक्त पद के लिए एक संक्षिप्त स्ववृत्त लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** ई-मेल द्वारा किसी दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को लगभग 80 शब्दों में सूचित कीजिए कि आपके निवास स्थान के आसपास अधिक वर्षा के कारण बाढ़ का-सा माहौल बन गया है। जल-भराव से मुक्ति के लिए तुरन्त सहायता अपेक्षित है।

**17. (क)** आपके पिताजी ने पाठ्यपुस्तकों की दुकान खोली है, उसके प्रचार के लिए लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

**(ख)** ईद पर अपने मित्र को लगभग 60 शब्दों में बधाई संदेश भेजिए।

## Delhi Set-II — 3/4/2

**नोट:** निम्नलिखित प्रश्नों के अतिरिक्त अन्य प्रश्न Delhi Set-I में हैं।

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**3. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए—** **4×1=4**

**(i)** 'स्वयंप्रकाश ने अपना बचपन राजस्थान में बिताया।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है?

**(a)** कर्तृवाच्य　**(b)** कर्मवाच्य
**(c)** भाववाच्य　**(d)** मुख्यवाच्य **1**

**(ii)** 'उनके द्वारा कहानियाँ रोचक किस्सागोई शैली में लिखी गई है' यह वाक्य किस वाच्य भेद का उदाहरण है?

**(a)** कर्तृवाच्य　**(b)** कर्मवाच्य
**(c)** भाववाच्य　**(d)** मुख्यवाच्य **1**

**(iii)** 'माँ से रोया भी नहीं जाता।' वाक्य किस वाच्य भेद का उदाहरण है?

**(a)** कर्तृवाच्य　**(b)** कर्मवाच्य
**(c)** भाववाच्य　**(d)** मुख्यवाच्य **1**

**(iv)** निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है?

**(a)** गोपियों ने भ्रमर के बहाने उद्धव पर व्यंग्य-बाण छोड़े।

**(b)** उद्धव द्वारा गोपियों को ज्ञान मार्ग का संदेश दिया गया।

**(c)** उससे कहाँ चढ़ा जाएगा।

**(d)** गोपियाँ प्रेम-मार्ग पर चलती हैं। **1**

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए— 4×1=4**

**(i)** निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य का उदाहरण कौन-सा है?

**(a)** वेशभूषा या बाह्य अनुष्ठानों से कोई संन्यासी नहीं होता।

**(b)** इस रेखाचित्र की एक विशेषता यह है कि बालगोबिन भगत के माध्यम से ग्रामीण जीवन की सजीव झाँकी देखने को मिलती है।

**(c)** यहाँ विशिष्ट शैलीकार हैं इसलिए उन्हें 'कलम का मज़दूर' कहा जाता है।

**(d)** बालगोबिन लंबी दाड़ी नहीं रखते थे परंतु हमेशा उनका चेहरा सफ़ेद बालों से जगमग रहता। **1**

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य का उदाहरण कौन-सा है?

**(a)** कार्तिक आया नहीं कि बालगोबिन की प्रभातियाँ शुरू हुईं।

**(b)** अभी थोड़ी देर पहले मूसलाधार वर्षा खत्म हुई है।

**(c)** जब जाड़ा आता, एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते।

**(d)** थोड़ी खेतीबाड़ी भी थी और एक अच्छा साफ़-सुथरा मकान भी था। **1**

**(iii)** निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य क्या होगा?

'समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है और रोपनी कर रहा है।'

**(a)** जो समूचा गाँव है वह खेतों में उतरकर रोपनी कर रहा है।

**(b)** समूचा गाँव खेतों में उतरकर रोपनी कर रहा है।

**(c)** जहाँ समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है वहाँ रोपनी हो रही है।

**(d)** समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है अत: रोपनी कर रहा है। **1**

**(iv)** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए—

कबीर के जो सीधे-सादे पद थे, वे उनके कंठ से निकलकर सजीव हो उठते।

**(a)** संज्ञा आश्रित उपवाक्य **(b)** विशेषण आश्रित उपवाक्य

**(c)** क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य **(d)** प्रधान उपवाक्य **1**

**(v)** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए—

कभी झूठ नहीं बोलते और खरा व्यवहार रखते।

**(a)** प्रथम समानाधिकरण उपवाक्य **(b)** संज्ञा आश्रित उपवाक्य

**(c)** द्वितीय समानाधिकरण उपवाक्य **(d)** विशेषण आश्रित उपवाक्य **1**

**5. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 5×1=5**

**(i)** 'जो रहीम गति दीप की कुल कपूत की सोय।
बारै उजियारों करै, बढ़ै अँधेरो होय।'

इस दोहे में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** अतिशयोक्ति **(b)** उत्प्रेक्षा

**(c)** श्लेष **(d)** मानवीकरण **1**

**(ii)** 'सोहत ओढ़े पीत-पट स्याम सलौने गात।
मनो नीलमणि सेल पर आतप परयो प्रभात॥'

इस दोहे में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** अतिशयोक्ति **(b)** उत्प्रेक्षा

**(c)** श्लेष **(d)** मानवीकरण **1**

**(iii)** 'उषा सुनहले तीर बरसती
जय लक्ष्मी-सी उदित हुई।'
इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** श्लेष **(b)** अतिशयोक्ति
**(c)** उत्प्रेक्षा **(d)** मानवीकरण **1**

**(iv)** 'हिमकणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।'
इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** उत्प्रेक्षा **(b)** श्लेष
**(c)** अतिशयोक्ति **(d)** मानवीकरण **1**

**(v)** 'देखि सुदामा की दीन-दशा करुणा करके करुणानिधि रोए,
पानी परात कौ हाथ छुऔ नहिं नैनन के जल सौं पग धोए।'
इस काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** श्लेष **(b)** उत्प्रेक्षा
**(c)** मानवीकरण **(d)** अतिशयोक्ति **1**

**6. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों में से किन्हीं चार पदों के सही पद परिचय वाला विकल्प चुनकर लिखिए— 5×1=5**

"धान के खेतों में छोटे बच्चे उछल रहे हैं। वहाँ धूप का नाम नहीं लेकिन सब मस्ती कर रहे हैं।"

**(i)** धान

**(a)** व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, संबंधकारक **(b)** जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, संबंधकारक
**(c)** जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक **(d)** व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक **1**

**(ii)** छोटे

**(a)** परिमाणवाचक विशेषण, 'बच्चे' विशेष्य, बहुवचन, पुल्लिंग
**(b)** संख्यावाचक विशेषण, 'बच्चे' विशेष्य, बहुवचन, पुल्लिंग
**(c)** गुणवाचक विशेषण, 'बच्चे' विशेष्य, बहुवचन, पुल्लिंग
**(d)** परिमाणवाचक विशेषण, 'बच्चे' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिंग **1**

**(iii)** उछल

**(a)** सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य
**(b)** सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्मवाच्य
**(c)** अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्मवाच्य
**(d)** अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य **1**

**(iv)** वहाँ

**(a)** रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'कर रहे हैं' क्रिया का विशेषण
**(b)** कालवाचक क्रिया-विशेषण, 'कर रहे हैं' क्रिया का विशेषण
**(c)** स्थानवाचक क्रिया-विशेषण, 'कर रहे हैं' क्रिया का विशेषण
**(d)** परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण, 'उछल रहे हैं' क्रिया का विशेषण **1**

**(v)** लेकिन

**(a)** समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है
**(b)** समानाधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है
**(c)** व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है
**(d)** व्यधिकरण समुच्चयबोधक योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है **1**

## खण्ड–'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**16. (क)** आप स्मित/स्मिता हैं। अ.ब.स. कपड़े की फैक्ट्री में एक सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आपने इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा विज्ञान विषयों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। अपनी शैक्षणिक योग्यता और रुचि का वर्णन करते हुए इस पद के लिए लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** आप रूपाली / मयंक हैं। ई–मेल द्वारा बैंक प्रबंधक को अपनी पास–बुक खोने की सूचना लगभग 80 शब्दों में दीजिए।

**17. (क)** आपके विद्यालय के बच्चों ने दीपावली के दीए, मोमबत्ती आदि तैयार किए हैं। उनकी बिक्री के लिए लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

**(ख)** होली के अवसर पर अपने मित्र को लगभग 60 शब्दों में बधाई संदेश भेजिए। **4**

**Delhi Set-III** **3/4/3**

**नोट:** निम्नलिखित प्रश्नों के अतिरिक्त अन्य प्रश्न Delhi Set-I & Set-II में हैं।

## खण्ड–'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**3. निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** **4×1=4**

**(i)** 'जा तन की झाँई परै श्याम हरित दुति होय।' — इस काव्य–पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** उत्प्रेक्षा **(b)** अतिशयोक्ति

**(c)** मानवीकरण **(d)** श्लेष

**(ii)** निम्नलिखित में अलंकार है—

'मेघ आए बन–ठन के सँवर के।'

**(a)** उत्प्रेक्षा **(b)** मानवीकरण

**(c)** अतिशयोक्ति **(d)** श्लेष

**(iii)** "प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै।" इस काव्य–पंक्ति में अलंकार है—

**(a)** उत्प्रेक्षा **(b)** अतिशयोक्ति

**(c)** श्लेष **(d)** मानवीकरण

**(iv)** निम्नलिखित में अलंकार है—

'मनहुँ रंक निधि लूटन लागी।'

**(a)** उत्प्रेक्षा **(b)** अतिशयोक्ति

**(c)** मानवीकरण **(d)** श्लेष

**(v)** "वह शर इधर गांडीव गुण से भिन्न जैसे ही हुआ,
धड़ से जयद्रथ का उधर सिर छिन्न वैसे ही हुआ।" — काव्य–पंक्ति में अलंकार है—

**(a)** मानवीकरण **(b)** अतिशयोक्ति

**(c)** उत्प्रेक्षा **(d)** श्लेष

**4. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों में से किन्हीं चार पदों के पद परिचय वाला सही विकल्प चुनकर लिखिए—** **4×1=4**

'उन्हें गवारा न था कि शहर का <u>कोई</u> <u>सफ़ेदपोश</u> <u>उन्हें</u> <u>मँझले</u> दर्जे में सफ़र <u>करता</u> <u>देखे</u>।'

**(i)** कोई

**(a)** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक

**(b)** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्त्ताकारक

**(c)** सार्वनामिक विशेषण, 'सफ़ेदपोश' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिंग

**(d)** सार्वनामिक विशेषण, 'सफ़ेदपोश' विशेष्य, स्त्रीलिंग, बहुवचन

**(ii)** सफ़ेदपोश

**(a)** गुणवाचक विशेषण, 'उन्हें' विशेष्य, एकवचन, पुंल्लिंग

**(b)** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्त्ताकारक

**(c)** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्मकारक

**(d)** व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्त्ताकारक

**(iii)** उन्हें

**(a)** उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

**(b)** मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

**(c)** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन (आदरार्थ), पुल्लिंग, कर्मकारण

**(d)** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक

**(iv)** मँझले

**(a)** गुणवाचक विशेषण, 'दर्जे' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिंग

**(b)** संख्यावाचक विशेषण, 'दर्जे' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिंग

**(c)** परिमाणवाचक विशेषण, 'दर्जे' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिंग

**(d)** सार्वनामिक विशेषण, 'दर्जे' विशेष्य, एकवचन, पुल्लिंग

**(v)** करता देखे

**(a)** अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, वर्तमान काल

**(b)** अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, भूतकाल

**(c)** सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, वर्तमान काल

**(d)** सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, भूतकाल

**5. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित चार बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए— 4×1=4**

**(i)** 'हम कनखियों से उन्हें देख रहे थे।' यह वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है?

**(a)** कर्मवाच्य **(b)** कर्तृवाच्य

**(c)** भाववाच्य **(d)** मुख्यवाच्य

**(ii)** 'लेखिका द्वारा यहाँ बहुत ही खूबसूरती से साधारण लड़की के असाधारण बनने के प्रारंभिक पड़ावों को प्रकट किया गया है।' यह वाक्य किस वाच्य भेद का उदाहरण है?

**(a)** कर्तृवाच्य **(b)** भाववाच्य

**(c)** कर्मवाच्य **(d)** मुख्यवाच्य

**(iii)** 'अब खेला जाए।' वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है?

**(a)** कर्तृवाच्य **(b)** कर्मवाच्य

**(c)** भाववाच्य **(d)** मुख्यवाच्य

**(iv)** निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है?

**(a)** गोपियों ने योग-साधना को कड़वी ककड़ी बताया। **(b)** परशुराम ने सभा में क्रोध किया।

**(c)** लक्ष्मण द्वारा परशुराम पर व्यंग्य-छोड़े गए। **(d)** चोट के कारण उनसे चला नहीं जाता।

**6. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए—** **4×1=4**

**(i)** निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य का कौन-सा उदाहरण है?

**(a)** रसोई को वे भटियार खाना कहते थे।

**(b)** घर में आए दिन विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के जमावड़े होते थे और जमकर बहसें होती थीं।

**(c)** यह पितृगाथा मैं इसलिए नहीं गा रही कि मुझे उनका गौरव गान करना है।

**(d)** मैं संकोच से सिमट जाती हूँ और गड़ने-गड़ने को हो आती हूँ।

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य का कौन-सा उदाहरण है?

**(a)** एक-दो को छोड़कर कोई भी मेरे परिवार का नहीं है।

**(b)** दोनों बड़े भाई आगे पढ़ने बाहर चले गए तब मुझे अपने वज़ूद का एहसास हुआ।

**(c)** पिता का आग्रह रहता कि मैं रसोई से दूर रहूँ।

**(d)** घर में आए दिन विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के जमावड़े होते थे और जमकर बहसें होती थीं।

**(iii)** निम्नलिखित वाक्य का सरल वाक्य कौन-सा होगा?

'शीला अग्रवाल की जो जोशीली बातें थीं उन्होंने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था।'

**(a)** जो शीला अग्रवाल थीं उनकी जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था।

**(b)** शीला अग्रवाल जोशीली बातें करती थीं और वे बातें रगों में बहते खून को लावे में बदल देती थीं।

**(c)** शीला अग्रवाल की जोशीली बातें ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था।

**(d)** शीला अग्रवाल जोशीली बातें करती थीं अत: वे बातें रगों में बहते खून को लावे में बदल देती थीं।

**(iv)** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए—

'वे प्रधानाचार्या को बड़े गर्व से कहकर आए कि यह तो पूरे देश की पुकार है।'

**(a)** संज्ञा आश्रित उपवाक्य **(b)** विशेषण आश्रित उपवाक्य

**(c)** क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य **(d)** प्रधान उपवाक्य

**(v)** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का भेद बताइए—

'मन्नू भंडारी का जन्म मध्यप्रदेश में हुआ था किंतु उनकी इंटर तक की शिक्षा-दीक्षा राजस्थान में हुई।'

**(a)** संज्ञा आश्रित उपवाक्य **(b)** विशेषण आश्रित उपवाक्य

**(c)** प्रथम समानाधिकरण उपवाक्य **(d)** द्वितीय समानाधिकरण उपवाक्य

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**15. (क)** आप पुष्कर/परमजीत कौर हैं। आप शारीरिक शिक्षा-विज्ञान में स्नातक (ग्रेजुएशन) परीक्षा पास कर चुके हैं। साथ ही आपने अ. ब. स. अकादमी से क्रिकेट में एकवर्षीय प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। आपको केन्द्रीय विद्यालय में आवेदन करना है। इसके लिए क्रिकेट कोच के रिक्त पद के लिए लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत्त तैयार कीजिए।

**अथवा**

**(ख)** आप दीपक/दीपिका हैं। आपके बड़े भाई / बहिन का विवाह जून माह की 10 तारीख को होना निश्चित हुआ है। विदेश में रहने वाले अपने मित्र के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल निमंत्रण-पत्र तैयार कीजिए। 4

**17. (क)** आपके मित्र को स्टेशनरी की दुकान खोलनी है। उसके प्रचार के लिए लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

**(ख)** आई. आई. टी. में प्रवेश पाने पर चचेरी बहन को लगभग 60 शब्दों में बधाई संदेश भेजिए। 4

❑❑❑

**Outside Delhi Set-I** **3/6/1**

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए—**

**5 × 1 = 5**

कोलकाता भी दूसरे बड़े शहरों की तरह एक बड़ी नदी के किनारे बसा है। गंगा से निकली एक धारा ही है हुगली नदी। लेकिन दूसरे कई नगरों की तरह कोलकाता में नदी का बहाव एकतरफा नहीं है। हुगली ज्वारी नदी है और बंगाल की खाड़ी से उसका मुहाना 140 किलोमीटर की दूरी पर ही है। हर रोज़ ज्वार के समय समुद्र नदी के पानी को वापस कोलकाता तक ठेलता है। ज्वार और भाटे के बीच जल स्तर एक ही दिन में कई फुट ऊपर-नीचे हो जाता है।

शहर के पश्चिम में बहने वाली हुगली नदी में कोलकाता अपना मैला पानी बहाकर उसे भुला नहीं सकता। नीचे बह जाने की बजाए क्या पता ज्वार के पानी के साथ अपशिष्ट पदार्थ वापस शहर लौट आएँ? शहर के कुल मैले पानी का एक छोटा-सा हिस्सा ही हुगली में बहाया जाता है, वह भी चोरी-छिपे। इसका परिणाम यह है कि कोलकाता में हुगली अधिक दूषित नहीं है। लेकिन हर बड़े शहर को अपना मैला पानी फेंकने के लिए एक नदी चाहिए। तो फिर कोलकाता का मैला कहाँ जाता है?

हुगली से उल्टी दिशा में, शहर के पूरब में बहने वाली एक छोटी-सी नदी कुल्टीगंग में। पर नदी तक पहुँचने के पहले इस मैले पानी के बड़े हिस्से का उपचार होता है। कुल्टीगंग में गिरने वाला मैला पानी उतना दूषित नहीं होता है जितना वह शहर से निकलते समय होता है। यहाँ मैले पानी की सफ़ाई का तरीक़ा भी दूसरे शहरों से निराला है। कोई 30,000 एकड़ में फैले तालाब और खेत कोलकाता के कुल मैले पानी का दो-तिहाई हिस्सा साफ़ करते हैं। यही नहीं, इससे कई हज़ार लोगों को रोज़गार मिलता है मैले पानी से मछलियाँ, सब्जियाँ और धान उगाकर।

इसका एक कारण है यहाँ का अनूठा भूगोल, जो बना है गंगा के मुहाने पर होने वाले मिट्टी और पानी के प्राकृतिक खेल से। पता नहीं कब से गंगा की बड़ी धार यहाँ से बहकर बंगाल की खाड़ी में विसर्जित होती थी। पर यह संगम केवल गंगा और बंगाल की खाड़ी भर का नहीं रहा है। छोटी-बड़ी कई नदियों की कई धाराएँ हिमालय की मिट्टी गाद या साद के रूप में लाकर यहाँ जमा करती रही हैं। कह सकते हैं कि यहाँ हिमालय और समुद्र मिलते हैं।

**(i)** कोलकाता में बहने वाली किन-किन नदियों का उल्लेख अनुच्छेद में हुआ है?

**(a)** गंगा, कुल्टीगंग, यमुना **(b)** गंगा, हुगली, उल्टीगंगा

**(c)** गंगा, यमुना, हुगली **(d)** हुगली, गंगा, कुल्टीगंग **1**

**(ii)** गद्यांश आधारित निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए—

**कथन**

**(क)** हुगली नदी में जल-स्तर ज्वार और भाटे के अनुरूप ऊपर-नीचे होता रहता है।

**(ख)** कुल्टीगंग कोलकाता के पूरब में बहती है।

**(ग)** कोलकाता की अधिकतर नदियाँ उल्टी दिशा की ओर बहती हैं।

**विकल्प**

**(a)** कथन (क) सही है। **(b)** कथन (क) और (ख) सही हैं।

**(c)** कथन (ख) और (ग) सही हैं। **(d)** कथन (ग) और (क) सही हैं। **1**

**(iii)** कुल्टीगंग में गिरने वाला कोलकाता का मैला पानी उतना दूषित क्यों नहीं होता?

**(a)** क्योंकि वह पहले हुगली नदी में जाता है।

**(b)** कोलकाता के लोग पानी मैला नहीं करते।

**(c)** नदी में गिरने से पूर्व खेतों और तालाबों से उपचारित होता है।

**(d)** क्योंकि कुल्टीगंग स्वयं ही गंदगी को उपचारित कर लेती है। **1**

**(iv)** निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए—

**कथन (A) :** कोलकाता के बंगाल में बंगाल की खाड़ी में हिमालय और समुद्र मिलते हैं।

**कारण (R) :** यहाँ गंगा और अन्य नदियाँ मिट्टी गाद या साद इकट्ठा करती हैं।

**(a)** कथन (A) गलत है पर कारण (R) सही है।

**(b)** कथन (A) सही है पर कारण (R) गलत है।

**(c)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

**(d)** कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं। **1**

**(v)** कोलकाता हुगली नदी में अपना मैला पानी क्यों नहीं बहा सकता ?

**(a)** शहर में हुगली को पवित्र मानकर उसकी पूजा की जाती है।

**(b)** हुगली एक छोटी नदी है, मैला पानी बहाने लायक नहीं है।

**(c)** हुगली में समुद्र पानी वापस भेजता है, अपशिष्ट लौट सकता है।

**(d)** हुगली पश्चिम में बहती है, अपशिष्ट उस ओर लाना कठिन है। **1**

**2. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए—**

**5 × 1 = 5**

## पद्यांश-एक

सूरज के ताप में कहीं कोई कमी नहीं
न चंद्रमा की ठंडक में
लेकिन हवा और पानी में ज़रूर कुछ ऐसा हुआ है
कि दुनिया में
करूणा की कमी पड़ गई है
इतनी कम पड़ गई है करुणा कि बर्फ़ पिघल नहीं रही
नदियाँ बह नहीं रहीं झरने झर नहीं रहे
चिड़ियाँ गा नहीं रहीं गायें रँभा नहीं रहीं
कहीं पानी का कोई ऐसा पारदर्शी टुकड़ा नहीं
कि आदमी उसमें अपना चेहरा देख सके
और उसमें तैरते बादल के टुकड़े से धो-पोंछ सके
दरअसल पानी से होकर देखो
तभी दुनिया पानीदार रहती है
उसमें पानी के गुण समा जाते हैं
वरना कोरी आँखों से कौन कितना देख पाता है
पता नहीं
आने वाले लोगों को दुनिया कैसी चाहिए
कैसी हवा कैसा पानी चाहिए
पर इतना तो तय है
कि इस समय दुनिया को
ढेर सारी करुणा चाहिए।

**(i)** 'दुनिया में करुणा की कमी पड़ गई है'—पंक्ति का आशय है—

**(a)** वातावरण में शीतलता नहीं है। **(b)** जल की निर्मलता समाप्त हो गई है।

**(c)** लोगों में संवेदना समाप्त हो गई है। **(d)** लोगों में क्रूरता बढ़ गई है। **1**

**(ii)** 'करुणा कि बर्फ़ पिघल नहीं रही'—पंक्ति में बर्फ़ पिघल नहीं रही' का क्या अभिप्राय है ?

**(a)** लोग स्वार्थ में आत्मकेन्द्रित हो गए हैं। **(b)** लोग दूसरों के दु:खों से द्रवीभूत नहीं हो रहे हैं।

**(c)** लोगों के हृदय की पवित्रता समाप्त हो गई है। **(d)** लोग एक-दूसरे से सहमत नहीं हो रहे हैं। **1**

**(iii)** 'दूसरों के दु:ख-दर्द के प्रति सहानुभूति दिखाने वाले लोग नहीं हैं'—इस भाव को व्यक्त करने वाली पंक्ति है—

**(a)** कहीं पानी का कोई ऐसा पारदर्शी टुकड़ा नहीं। **(b)** सूरज के ताप में कहीं कोई कमी नहीं।

**(c)** लेकिन हवा और पानी में ज़रूर कुछ ऐसा हुआ है। **(d)** वरना कोरी आँखों से कौन कितना देख पाता है। **1**

(iv) 'सूरज के ताप में कहीं कोई कमी नहीं, न चंद्रमा की ठंडक में—पंक्ति के माध्यम से कवि कहना चाहते हैं—

(a) सूर्य की ऊर्जा में गर्मी की कमी नहीं है।

(b) चंद्रमा की चाँदनी में कोई कमी नहीं है।

(c) सूर्य और चंद्रमा के दैनिक क्रिया-कलापों में कोई परिवर्तन नहीं है?

(d) प्राकृतिक उपादानों में सहज करुणा की भावना है। 1

(v) इस समय समस्त विश्व को आवश्यकता है—

(a) स्वच्छ हवा (b) स्वच्छ पानी

(c) परोपकार (d) करुणा 1

**अथवा**

## पद्यांश—दो

दरवाज़े से बाहर जाने से पहले
अपने जूतों के तस्मे बाँधने के लिए मैं झुकता हूँ
रोटी का कौर तोड़ने और खाने के लिए
झुकता हूँ अपनी थाली पर
जेब से अचानक गिर गई कलम या सिक्के को उठाने को
झुकता हूँ
झुकता हूँ लेकिन उस तरह नहीं
जैसे एक चापलूस की आत्मा झुकती है
किसी शक्तिशाली के सामने
जैसे लज्जित या अपमानित होकर झुकती हैं आँखें
झुकता हूँ
जैसे शब्दों को पढ़ने के लिए आँखें झुकती हैं
ताकत और अधीनता की भाषा से बाहर भी होते हैं
शब्दों और क्रियाओं के कई अर्थ
झुकता हूँ
जैसे घुटना हमेशा पेट की तरफ़ ही मुड़ता है
यह कथन सिर्फ़ शरीर के नैसर्गिक गुणों
या अवगुणों को ही व्यक्त नहीं करता
कहावतें अर्थ से ज़्यादा अभिप्राय में निवास करती हैं।

(i) किस तरह झुकना जीवन के सामान्य कार्य व्यवहार का हिस्सा नहीं है?

(a) जूते के फीते बाँधने के लिए झुकना (b) खाने का कौर उठाने के लिए झुकना

(c) ताकतवर के सामने सिर का झुकाना (d) किसी गिरी वस्तु को उठाने के लिए झुकना 1

(ii) 'चापलूस की आत्मा' के झुकने से आप क्या समझते हैं?

(a) किसी अधिकार सम्पन्न की खुशामद करने वाला व्यक्ति और उसकी आदतें

(b) अपने लाभ के लिए खुशामद करने वाले द्वारा आत्म-सम्मान को छोड़ दिया जाना

(c) एक सत्ता सम्पन्न व्यक्ति द्वारा मज़बूर व्यक्तियों का लाभ उठाना

(d) खुशामद पसंद व्यक्ति और उसके अनुयायियों का समूचा कार्य व्यवहार 1

(iii) शब्दों को पढ़ने के लिए आँखों के झुकने में किस प्रकार का भाव है?

(a) विनम्रता (b) लज्जा

(c) अपमान (d) आत्मालोचन 1

(iv) "ताकत और अधीनता की भाषा से बाहर भी होते हैं शब्दों और क्रियाओं के कई अर्थ" पद्यांश के इस कथन का क्या आशय है? निम्नलिखित कथनों को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए—

(क) शब्दों और क्रियाओं के अर्थ समाज की सत्ता-संरचना द्वारा ही तय होते हैं।

(ख) शब्दों और क्रियाओं को बरतना मनुष्य की चेतना के अधीन है।

(ग) हम चाहें तो कोई भी हमें वैसा करने को बाध्य नहीं कर सकता जिससे लज्जित एवं अपमानित होना पड़े।

(a) सिर्फ (क) (b) सिर्फ (ख)

(c) (क) और (ग) (d) (ख) और (ग) 1

**(v)** इस कविता में प्रयुक्त 'अर्थ' एवं 'अभिप्राय' का तात्पर्य क्या है?

**(a)** अर्थ – मतलब; अभिप्राय – नीयत  **(b)** अर्थ – नीयत; अभिप्राय – मतलब

**(c)** अर्थ – आशय; अभिप्राय – लक्ष्य  **(d)** अर्थ – तात्पर्य; अभिप्राय – मंसूबा **1**

**3. 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए—** **$4 \times 1 = 4$**

**(i)** "जैसा कि बताया जा चुका है, मूर्ति संगमरमर की थी।"— वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा—

**(a)** मूर्ति संगमरमर की थी, इसके बारे में बताया जा चुका है।

**(b)** मूर्ति संगमरमर की थी जिसके बारे में बताया जा चुका है।

**(c)** मूर्ति के संगमरमर के होने के विषय में बताया जा चुका है।

**(d)** बताया जा चुका है कि मूर्ति संगमरमर की थी। **1**

**(ii)** 'केवल एक चीज़ की कसर थी जो देखते ही खटकती थी।'—वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा—

**(a)** केवल एक चीज़ की कसर थी और वह देखते ही खटकती थी।

**(b)** देखते ही खटकने वाली एक चीज़ की ही कसर थी।

**(c)** यूँ तो कसर कोई नहीं थी पर एक चीज़ देखते ही खटकने वाली भी थी।

**(d)** केवल एक चीज़ की कसर थी जिसे देखते ही खटका होता था। **1**

**(iii)** 'पिताजी थककर सोए हैं'—इसका मिश्र वाक्य बनेगा—

**(a)** पिताजी थक गए हैं इसलिए सोए हैं।  **(b)** पिताजी सोए हैं और थके हुए हैं।

**(c)** क्योंकि पिताजी थक गए हैं इसलिए सोए हैं।  **(d)** पिताजी थकने पर सो गए हैं। **1**

**(iv)** निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनकर लिखिए—

**(क)** रास्ते और भी सँकरे होते जा रहे थे।

**(ख)** हवा बह रही थी और पेड़-पौधे झूम रहे थे।

**(ग)** सिक्किमी नवयुवक ने मुझे बताया कि प्रदूषण के चलते स्नो-फॉल कम होती जा रही है।

**(घ)** मीठी झिड़कियाँ देकर उसने गाय को भगा दिया। **1**

**विकल्प :**

**(a)** कथन (क) और (घ) सही हैं।  **(b)** केवल कथन (क) सही है।

**(c)** केवल कथन (घ) सही है।  **(d)** कथन (क), (ग) और (घ) सही हैं।

**(v)** स्तम्भ-I और स्तम्भ-II को सुमेलित करके उचित विकल्प चुनकर लिखिए—

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| (I) सरल वाक्य | (अ) या तो पढ़ाई कर लो या टीवी ही देख लो। |
| (II) मिश्र वाक्य | (ब) नौकरी करने पर तनख्वाह तो लेगी ही। |
| (III) संयुक्त वाक्य | (स) वह किताब खो गई जो आपने दी थी। |

| | (I) | (II) | (III) |
|---|---|---|---|
| (a) | (अ) | (ब) | (स) |
| (b) | (ब) | (स) | (अ) |
| (c) | (स) | (ब) | (अ) |
| (d) | (ब) | (अ) | (स) |

**1**

**4. 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए—** **$4 \times 1 = 4$**

**(i)** निम्नलिखित में कर्मवाच्य का उदाहरण है—

**(a)** अब तो उससे रोया नहीं जाता।  **(b)** अब तो वह नहीं रोती।

**(c)** माँ द्वारा खाना बनाया जाता है।  **(d)** माँ से सोया नहीं जाता। **1**

**(ii)** निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य का उदाहरण है—

**(a)** चलो, चला जाए। **(b)** चलो, कहीं चला जाए।

**(c)** चलो, घूमने चलते हैं। **(d)** नहीं, मुझसे नहीं चला जाएगा। **1**

**(iii)** निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का वाक्य है—

**(a)** बच्चा बैठता है। **(b)** राम से आया नहीं जाता।

**(c)** रमेश आता है। **(d)** आपसे पत्र लिखा नहीं गया। **1**

**(iv)** "मैं यह भाषा नहीं पढ़ सकूँगा"—वाक्य को कर्मवाच्य में बदलने पर होगा—

**(a)** मुझसे यह भाषा नहीं पढ़ी जा सकेगी। **(b)** मैंने यह भाषा पहले नहीं पढ़ी है।

**(c)** मैं यह भाषा पढ़ने का प्रयास कर सकता हूँ। **(d)** मेरे द्वारा यह भाषा पढ़ी जा सकेगी। **1**

**(v)** स्तम्भ-I और स्तम्भ-II को सुमेलित करके उचित विकल्प चुनकर लिखिए—

| **स्तम्भ-I** | **स्तम्भ-II** |
|---|---|
| **(I)** कर्तृवाच्य | (अ) पक्षियों से उड़ा जाता है। |
| **(II)** कर्मवाच्य | (ब) पुलिस द्वारा चोर पकड़ा गया। |
| **(III)** भाववाच्य | (स) चलो, यहाँ से चलें |

| | **(I)** | **(II)** | **(III)** |
|---|---|---|---|
| **(a)** | (अ) | (ब) | (स) |
| **(b)** | (ब) | (स) | (अ) |
| **(c)** | (स) | (अ) | (ब) |
| **(d)** | (स) | (ब) | (अ) |

**1**

**5. 'पद-परिचय' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर चुनकर लिखिए— 4 × 1 = 4**

**(i)** 'जल्दी से जाकर <u>दुकान</u> से दूध ले आओ।' —वाक्य में रेखांकित शब्द का पद परिचय है—

**(a)** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, आपादान कारक

**(b)** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, करण कारक

**(c)** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, आपादन कारक

**(d)** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, आपादन कारक **1**

**(ii)** 'शाम को हम <u>चलेंगे</u>।' वाक्य में रेखांकित पद का परिचय होगा—

**(a)** अकर्मक क्रिया, भविष्यत काल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य

**(b)** सकर्मक क्रिया, भविष्यत काल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य

**(c)** अकर्मक क्रिया, भविष्यत काल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्मवाच्य

**(d)** अकर्मक क्रिया, भूतकाल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य **1**

**(iii)** '<u>किस</u> व्यक्ति से मिलना है,' वाक्य में रेखांकित पद का परिचय है—

**(a)** प्रश्नवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्त्ताकारक **(b)** सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, व्यक्ति विशेष्य

**(c)** सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, व्यक्ति विशेष्य **(d)** सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, व्यक्ति विशेष्य **1**

**(iv)** 'लड़की <u>के साथ</u> दो और लोग आने वाले हैं।' वाक्य में रेखांकित पद का परिचय है—

**(a)** समुच्चयबोधक अव्यय, लड़की का संबंध बाकी वाक्य से जोड़ने वाला

**(b)** संबंधबोधक अव्यय, लड़की (संज्ञा) का संबंध वाक्य के दूसरे हिस्से से जोड़ने वाला

**(c)** क्रियाविशेषण, आना क्रिया की विशेषता

**(d)** संबंधबोधक अव्यय, लोगों का संबंध लड़की से बताने वाला। **1**

**(v)** स्तम्भ-I और स्तम्भ-II को को ठीक क्रम में सुमेलित कीजिए—

| **स्तम्भ-I** | **स्तम्भ-II** |
|---|---|
| **(I)** अरे! तुम कब आए? | (अ) अचरज सूचक विस्मयादिबोधक |
| **(II)** सावधान! आगे सड़क पर गड्ढा है। | (ब) घृणा सूचक विस्मयादिबोधक |
| **(III)** छि:! कैसी बदबू है। | (स) चेतावनी सूचक विस्मयादिबोधक |

| | **(I)** | **(II)** | **(III)** |
|---|---|---|---|
| **(a)** | (स) | (अ) | (ब) |
| **(b)** | (अ) | (ब) | (स) |
| **(c)** | (ब) | (अ) | (स) |
| **(d)** | (अ) | (स) | (ब) |

**1**

**6. 'अलंकार' आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए— 4 × 1 = 4**

**(i)** 'आगे नदियाँ पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।'
—प्रस्तुत पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** उत्प्रेक्षा अलंकार
**(b)** श्लेष अलंकार
**(c)** मानवीकरण अलंकार
**(d)** अतिशयोक्ति अलंकार **1**

**(ii)** 'को घटि ये वृषभानुजा वे हलधर के वीर'—प्रस्तुत पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है—

**(a)** उत्प्रेक्षा अलंकार
**(b)** श्लेष अलंकार
**(c)** मानवीकरण अलंकार
**(d)** अतिशयोक्ति अलंकार **1**

**(iii)** निम्नलिखित में से किन पंक्तियों में उत्प्रेक्षा अलंकार है?

**(a)** कनक-कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय
वो खाए बौराए जग, या पाए बौराए।

**(b)** नहिं पराग नहि मधुर मधु, नहिं विकास इहिं काल
अली कली-ही सों बँध्यो, आगे कौन हवाल।

**(c)** चमचमात चंचल नयन, विच घूँघट पट छीन।
मनहु सुरसीता विमल, जल उछरत जुग मीन

**(d)** कोटि कुलिस-सम-वचन तुम्हारा।
व्यर्थ धरहु बान कुठारा। **1**

**(iv)** स्तम्भ-I और स्तम्भ-II को उचित विकल्प से सुमेलित कीजिए—

| **स्तम्भ-I** | **स्तम्भ-II** |
|---|---|
| **(I)** हेमकुंभ ले उषा सवेरे भरती ढुलकाती सुख मेरे। | (अ) श्लेष अलंकार |
| **(II)** हरिमुख मानो मधुर मयंक। | (ब) उत्प्रेक्षा अलंकार |
| **(III)** पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष चून। | (स) मानवीकरण अलंकार |

| | **(I)** | **(II)** | **(III)** |
|---|---|---|---|
| **(a)** | (अ) | (ब) | (स) |
| **(b)** | (स) | (ब) | (अ) |
| **(c)** | (ब) | (अ) | (स) |
| **(d)** | (स) | (अ) | (ब) |

**1**

**(v)** ‘माली आवत देख कर कलियाँ करैं पुकार’—

प्रस्तुत पंक्ति में अलंकार है—

**(a)** उत्प्रेक्षा अलंकार **(b)** अतिशयोक्ति अलंकार

**(c)** मानवीकरण अलंकार **(d)** श्लेष अलंकार 1

**7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए— 5 × 1 = 5**

यों खेलने को हमने भाइयों के साथ गिल्ली-डंडा भी खेला और पतंग उड़ाने, काँच पीसकर माँजा सूतने का काम भी किया, लेकिन उनकी गतिविधियों का दायरा घर के बाहर ही अधिक रहता था और हमारी सीमा थी घर। हाँ, इतना ज़रूर था कि उस जमाने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे। आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी ज़िंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ़्लैट में रहने वालों को हमारे इस परम्परागत ‘पड़ोस-कल्चर’ से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है। मेरी कम-से-कम एक दर्जन आरंभिक कहानियों के पात्र इसी मोहल्ले के हैं जहाँ मैंने अपनी किशोरावस्था गुज़ार अपनी युवावस्था का आरम्भ किया था। एक-दो को छोड़कर उनमें से कोई भी पात्र मेरे परिवार का नहीं है। बस इनको देखते-सुनते, इनके बीच ही मैं बड़ी हुई थी लेकिन इनकी छाप मेरे मन पर कितनी गहरी थी, इस बात का अहसास तो मुझे कहानियाँ लिखते समय हुआ। इतने वर्षों के अंतराल ने भी उनकी भाव-भंगिमा, भाषा, किसी को भी धुँधला नहीं किया था और बिना किसी विशेष प्रयास के बड़े सहज भाव से वे उतरते चले गए थे।

**(i)** भाइयों की गतिविधियों का दायरा घर के बाहर रहने और बहनों की सीमा घर होने का क्या अभिप्राय है?

**(a)** लड़कियों एवं लड़कों में आत्मीयता और बंधुत्व नहीं था।

**(b)** भाई-बहन एक साथ ज़्यादा समय नहीं बिताते थे।

**(c)** लड़कों को पूरे संसार की आज़ादी थी पर लड़कियाँ घरों के दायरे में सीमित।

**(d)** लड़के अधिकतर मोहल्ले में भटकते थे जबकि लड़कियाँ घर में रहती थीं। 1

**(ii)** ‘घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जातीं’—से आप क्या समझते हैं?

**(a)** घर में आज की तरह दीवारें नहीं होती थीं।

**(b)** पूरे-मोहल्ले को घर का हिस्सा माना जाता था।

**(c)** पुराने समय में घर बड़े होते थे, न कि माचिस की डिब्बियाँ।

**(d)** लोग खुले दिल के थे इसलिए अपने घर में अज़नबियों को भी जगह देते थे। 1

**(iii)** लेखिका ने अपने पात्रों के विषय में जो बताया है उसके अनुसार असत्य कथन है—

**(a)** उनकी आरम्भिक कहानियों के पात्र बाद के जीवन से आए हैं।

**(b)** उनके एक-दो पात्रों को छोड़ दें तो कोई उनके परिवार से नहीं।

**(c)** जिस मोहल्ले में उनकी किशोरावस्था बीती वहीं से लगभग दर्जन भर पात्र लिए।

**(d)** आरंभिक कहानियों के पात्रों को देखते-सुनते उनके बीच ही लेखिका बड़ी हुई। 1

**(iv)** ‘पड़ोस कल्चर’ से अलग होकर हम कैसे होते जा रहे हैं?

**(a)** संकुचित, असहाय और सुरक्षित **(b)** संकुचित, शंकालु और असुरक्षित

**(c)** संकुचित, असहाय और संरक्षित **(d)** संकुचित, असहाय और असुरक्षित 1

**(v)** कहानियाँ लिखते हुए लेखिका को क्या अहसास हुआ?

**(a)** समय बीतने के कारण उनकी स्मृति अब क्षीण पड़ रही है।

**(b)** इतना समय बीतने के बाद भी उन्हें वे लोग अपने हावभाव के साथ याद थे।

**(c)** अपने परिचित व्यक्ति के बारे में लिखना आसान तो नहीं है।

**(d)** समय के अंतराल ने उनकी भाव-भंगिमा, भाषा आदि को धुँधला कर दिया था। 1

**8. गद्य खण्ड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए—** **2 × 1 = 2**

**(i)** पानवाले ने नेताजी की मूर्ति पर चश्मा न होने का कारण बताया - 'मास्टर बनाना भूल गया' —यह उसके लिए कैसी बात थी और हालदार साहब के लिए कैसी?

**(a)** पानवाले के लिए — मज़ेदार, हालदार साहब के लिए — द्रवित करने वाली

**(b)** पानवाले के लिए — दु:खी करने वाली, हालदार साहब के लिए — द्रवित करने वाली

**(c)** पानवाले के लिए — मज़ेदार, हालदार साहब के लिए — विचारणीय

**(d)** पानवाले के लिए — द्रवित करने वाली, हालदार साहब के लिए — विचार करने वाली **1**

**(ii)** 'भारत रत्न' जैसे पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का कारण बिस्मिल्ला खाँ की दृष्टि में था—

**(a)** शहनाई वादन के साथ-साथ पहनावा ओढ़ावा

**(b)** शहनाई के कारण नहीं देश-विदेश में उनकी पहचान और प्रसिद्धि

**(c)** शहनाई-वादन है न कि कपड़े और बाहरी दिखावा।

**(d)** शहनाई वादन के साथ उनके आचार-विचार। **1**

**9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए—** **5 × 1 = 5**

मुख्य गायक की गरज़ में
वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से
गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है।
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था
तार सप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर

**(i)** 'मुख्य गायक की गरज़ में संगतकार अपनी गूँज प्राचीन काल से मिला रहा है'—कथन में <u>प्राचीन काल</u> का तात्पर्य है—

**(a)** पुराने युग से **(b)** हमेशा से

**(c)** बचपन से **(d)** गाने के आरम्भ से **1**

**(ii)** मुख्य गायक अंतरे की जटिल तानों के जंगल में क्यों खो जाता है?

**(a)** कई बार सिद्धस्थ गायक भी किसी सुर-ताल में उलझ जाते हैं।

**(b)** गाना एक जंगल जैसा है जिसमें भटक जाना सहज ही हो जाता है।

**(c)** अपने ही गाने की लय में डूबकर भटक जाता है।

**(d)** महान गायक भी कभी-कभी कमज़ोर पड़ जाते हैं। **1**

**(iii)** संगतकार किस तरह से मुख्य गायक की सहायता करता है?

**(a)** मुख्य गायक के भटकने पर स्थायी को सँभाल कर।

**(b)** मुख्य गायक को उसके बचपन की याद दिलाकर।

**(c)** मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान समेट कर।

**(d)** मुख्य गायक के साथ अंतरे को गाकर। **1**

**(iv)** संगतकार मुख्य गायक को ढाँढ़स कब बँधाता है?

इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित कथनों को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए—

**कथन—**(क) जब उसका गला बैठने लगता है।

(ख) जब वह निरुत्साहित होने लगता है।

(ग) जब उसकी आवाज़ मंद पड़ने लगती है।

**विकल्पः**

**(a)** केवल (क) **(b)** केवल (ग)

**(c)** (क), (ख) और (ग) **(d)** (क) और (ग) **1**

**(v)** 'तार सप्तक' में मुख्य गायक का गला क्यों बैठते लगता है?

**(a)** वह गाते-गाते थक चुका होता है।

**(b)** इसमें स्वरों को ऊँचाई-निचाई पर चढ़ाना होता है।

**(c)** उसे बार-बार गाना पड़ता है।

**(d)** आवाज़ की गूँज अब नष्ट हो चुकी होती है। **1**

**10. पद्य खण्ड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए:** **2×1=2**

**(i)** 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में परशुराम बार-बार विश्वामित्र से लक्ष्मण की शिकायत क्यों कर रहे हैं?

**(a)** विश्वामित्र सभी मुनियों में श्रेष्ठ थे।

**(b)** विश्वामित्र राम और लक्ष्मण के कुल गुरु थे।

**(c)** विश्वामित्र सीता-स्वयंवर में जनक के पुरोहित थे।

**(d)** विश्वामित्र उस समय राम-लक्ष्मण के गुरु एवं अभिभावक थे।

**(ii)** 'दंतुरित मुस्कान' का कवि स्वयं को चिर प्रवासी क्यों कह रहा है?

**(a)** वह पहली बार बच्चे से मिल रहा है।

**(b)** कवि सदा यात्रा पर रहने वाला व्यक्ति है।

**(c)** कवि लम्बी यात्रा के बाद घर आया है।

**(d)** कवि का कोई घर नहीं है वह खानाबदोश है।

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए—** **3 × 2 = 6**

'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर लिखिए कि—

**(क)** हालदार साहब का कस्बे के नागरिकों का कौन-सा प्रयास सराहनीय लगा और क्यों?

**(ख)** नवाब साहब की झुठी शानों-शौकत और घमण्ड भरे व्यवहार को देखकर लेखक ने उनके साथ किस प्रकार का व्यवहार किया? 'लखनवी-अंदाज़' पाठ के आधार पर इसे साबित कीजिए।

**(ग)** बालगोबिन भगत की 'गर्मियों की संझा' के दृश्य का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

**(घ)** बिस्मिल्ला खाँ 'मालिक' से कौन-सी दुआ माँगते थे? इससे उनके व्यक्तित्व का कौन-सा पहलू सामने उभरता है?

**12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए—3×2 = 6**

**(क)** 'सूर के पद' में गोपियों के माध्यम से सूरदास की भक्ति-भावना सामने आती है। इस कथन के आलोक में सूरदास की भक्ति-भावना पर टिप्पणी कीजिए। (किन्हीं दों बिन्दुओं को उत्तर में अवश्य शामिल करें)

**(ख)** 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में लक्ष्मण ने अपने कुल की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है? (किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।)

**(ग)** इस वर्ष पाठ्यक्रम में पढ़ी कौन-सी कविता आपको सबसे अधिक प्रभावित करती है, और क्यों?

**(घ)** 'आत्मकथ्य' में कवि आत्मकथा न लिखने के लिए जिन तर्कों का सहारा ले रहा है उनमें से किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।

**13. 'पूरक पाठ्य-पुस्तक' के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए—** **2 × 4 = 8**

**(क)** यह स्वाभाविक है कि बच्चा माता या पिता किसी एक से अधिक नज़दीकी का अनुभव करता हो—'माता का अँचल' के भोलानाथ के संदर्भ से इस कथन पर प्रकाश डालें। इसके साथ ही अपने जीवन के अनुभव से इसके पक्ष या विपक्ष में टिप्पणी कीजिए।

**(ख)** कृतिकार की ईमानदारी से आप क्या समझते हैं? 'मैं क्यों लिखता हूँ' के लेखक ने इस ईमानदारी के समक्ष किस तरह की लेखकीय विवशताओं का उल्लेख किया है?

**(ग)** 'साना-साना हाथ जोड़ि' - की लेखिका अपनी यात्रा में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते चलती हैं। पाठ के किन्हीं दो प्रसंगों के उल्लेख के साथ लिखिए कि अगर आप उस स्थान पर होते तो क्या करते?

**14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए—** **1 × 6 = 6**

**(क)** आज़ाद देश के 75 साल और भविष्य की उम्मीदें

**संकेत बिन्दु—**
- 75 वर्ष के बाद देश का वर्तमान
- भविष्य के लक्ष्य
- लक्ष्य पाने के रास्ते
- नागरिकों का दायित्व

**(ख)** जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है

**संकेत बिन्दु—**
- जीवन और संघर्ष क्या है?
- संघर्ष : सफ़लता का मूलतंत्र
- असफ़लता से उत्पन्न निराशा और उत्कट जिजीविषा
- जीवन का मूलमंत्र

**(ग)** समय होत सबसे बलवान

**संकेत बिन्दु—**
- समय/काल का महत्त्व
- सुख-दु:ख का आवागमन
- समय की बारीकी को समझना और उसके अनुसार कार्य करना
- बुरे समय में भी हार न मानना

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए—** **1 × 5 = 5**

**(क)** आपका नाम सना/सोहम है। आपके छोटे भाई/बहन को लगातार मोबाइल पर खेलते रहने की लत पड़ चुकी है। खाने, पढ़ने की जगह वह बस मोबाइल में लगा रहता/रहती है। इसके नुकसान समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

**(ख)** आप अहमदाबाद के रहने वाले मनीष/मनीषा हैं। किसी कार्यवश रेल से मुम्बई जा रहे थे और बीच के एक छोटे स्टेशन पर आपका सामान चोरी हो गया। मुम्बई रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को पूरी घटना की जानकारी देते हुए उचित शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**16. (क)** आपने हाल ही में एम.एस.सी. (गणित) की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है और साथ ही आप बी.एड. भी कर चुके हैं। गणित के पी.जी.टी. (परा-स्नातक अध्यापक) पद के लिए अपना स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। आपका नाम नेहा/निखिल है। आपको केंद्रीय विद्यालय, क.ख.ग. में गणित अध्यापक/अध्यापिका पद के लिए आवेदन करना है। **1 × 5 = 5**

अथवा

**(ख)** आपके घर मेहमान आने वाले हैं तो आपने 'तुरत-फुरत' नामक वेबसाइट से कुछ खाने-पीने की वस्तुएँ मँगवाई हैं। बीस मिनट में सामान पहुँचाने वाली इस साइट से 50 मिनट में भी सामान नहीं आया है। इसकी शिकायत करते हुए उपभोक्ता सम्पर्क विभाग को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। आपका नाम साधना/सोमेश है।

**17. (क)** जल-प्रदूषण की भयावहता के प्रति सब को सचेत करने वाला एक जनहितकारी विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में बनाइए।

**1 × 4 = 4**

अथवा

**(ख)** आप मोहिनी/महेन्द्र हैं। आपके बड़े भाई को विदेश जाकर पढ़ाई करने के लिए छात्रवृत्ति मिली है जिसके अंतर्गत वे अमेरिका उच्च अध्ययन के लिए जाने वाले हैं। उन्हें बधाई एवं शुभकामना प्रेषित करता एक संदेश लगभग 60 शब्दों में लिखिए।

## Outside Delhi Set-II 3/6/2

**नोट:** निम्नलिखित प्रश्नों के अतिरिक्त अन्य प्रश्न Outside Delhi Set-I में हैं।

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**3. 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए—**

**2 × 1 = 2**

**(i)** 'जो झूठ बोलते हैं उनका कोई सम्मान नहीं करता।'

इसे सरल वाक्य में रूपांतरित करने पर वाक्य बनेगा—

**(a)** वे झूठ बोलते हैं इसलिए उनका कोई सम्मान नहीं करता।

**(b)** झूठ बोलने के कारण सम्मान नष्ट हो जाता है।

**(c)** झूठ बोलने वालों का कोई सम्मान नहीं करता।

**(d)** जिसकी झूठ बोलने की आदत है उसका कोई सम्मान नहीं करता। **1**

**(ii)** 'थैला उठाकर बच्चा विद्यालय की ओर निकल पड़ा' इसे संयुक्त वाक्य में बदलने पर होगा—

**(a)** बच्चे ने थैला उठाया और विद्यालय की ओर निकल पड़ा।

**(b)** जब बच्चे ने थैला उठाया तब विद्यालय की ओर निकला।

**(c)** जैसे ही बच्चे ने थैला उठाया वैसे ही विद्यालय की ओर निकला।

**(d)** विद्यालय की ओर निकलने के लिए बच्चे ने थैला उठाया। **1**

**4. 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2 × 1 = 2**

**(i)** निम्नलिखित में कर्मवाच्य का उदाहरण है—

**(a)** रवि ने नाटक में भाग लिया। **(b)** रवि नाटक से भाग गया।

**(c)** रवि द्वारा नाटक में भाग लिया गया। **(d)** रवि नाटक में भाग लेना चाहता था। **1**

**(ii)** 'मोहम्मद रफी द्वारा यह गीत गाया गया'-इसे कर्तृवाच्य में बदलने पर होगा—

**(a)** मोहम्मद रफी से यह गीत गाया गया। **(b)** मोहम्मद रफी ने यह गीत गाया।

**(c)** मोहम्मद रफी यह गीत गाने वाले हैं। **(d)** मोहम्मद रफी द्वारा यह गीत गाया जाएगा। **1**

**8. गद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए: 2×1=2**

**(i)** नवाब साहब ने खीरे का आनंद किस प्रकार उठाया?

**(a)** खूब तैयारी से साफ़ किया, काटा, नमक-मिर्च बुरक दिया और खा लिया।

**(b)** साबुत खीरा ही धोकर खा लिया।

**(c)** खीरों को धोया, छीलकर काटा, जीरा मिला नमक-मिर्च छिड़का, होठों तक ले गए, सूँघकर फेंक दिया।

**(d)** खीरों को धोया, छीला, कड़वाहट निकाली, चखा, कड़वा होने के कारण फेंक दिया। **1**

**(ii)** शहनाई के विषय में 'नौबत खाने में इबादत' पाठ के आधार पर निम्नलिखित में कौन-सी बात असत्य है?

**(a)** वैदिक इतिहास में शहनाई का उल्लेख मिलता है।

**(b)** शहनाई सुविर-वाद्यों में शामिल है।

**(c)** अवधी पारंपरिक लोकगीतों में शहनाई का उल्लेख है।

**(d)** शहनाई को मांगलिक विधि-विधानों में शामिल किया जाता है। **1**

**10. पद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए: 2×1=2**

**(i)** लक्ष्मण ने वीरों के क्या लक्षण बताए?

**(a)** वीर युद्ध में पराक्रम दिखाते हैं न कि अपनी बड़ाई खुद बताते हैं।

**(b)** वीर कभी भी युद्ध के लिए प्रस्तुत रहते हैं और उनके बारे में बताना नहीं पड़ता।

**(c)** वीर विनम्र होते हैं आवश्यकता अनुसार ही शस्त्र धारण करते हैं।

**(d)** वीर वाचाल होते हैं और उनके आने से पहले उनकी खबर पहुँच जाती है। **1**

**(ii)** 'अट नहीं रही' कविता के आधार पर लिखिए कि फाल्गुन में प्रकृति में क्या-क्या बदलाव आते हैं?

**(a)** लाल-हरे नए पत्ते निकलते हैं, बारिश होती है, आँधी भी चलने लगती है।

**(b)** पेड़ों से पुराने पत्ते झड़ने लगते हैं, पक्षी नाचते हैं, सुवासित हवा चलती है।

**(c)** पेड़ों पर लाल-हरे नए पत्ते आते हैं, चारों तरफ़ फूल खिल जाते हैं, सुवासित हवा चलती है।

**(d)** पक्षी कलरव करते हैं, उनके पर हवा में उड़ते है और सुवासित हवा चलती है। **1**

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए— 3×2=6**

**(क)** लोग संस्कृति और सभ्यता को ठीक-ठीक समझने में अभी भी भूल क्यों करते हैं?

**(ख)** बिस्मिल्ला खाँ को लेखक 'मंगल ध्वनि का नायक' क्यों कहता है?

**(ग)** बालगोबिन भगत गृहस्थी के भीतर भी संन्यासी किस तरह थे?

**(घ)** हालदार साहब को नेताजी की मूर्ति में कौन-सी कमी नज़र आई और उन्होंने उसके कारण के विषय में क्या-क्या अनुमान लगया?

**12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए— 3×2=6**

**(क)** इस वर्ष पाठ्यक्रम में पढ़ी कौन-सी कविता है जिसमें आत्मकथा लेखन के विषय में कवि ने अपनी राय व्यक्त की है? आत्मकथा के विषय में कवि के विचारों में से किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।

**(ख)** 'सूर के पद' में प्रेम की मर्यादा का निर्वाह किसने और किस प्रकार नहीं किया?

**(ग)** 'राम-लक्ष्मण-परशुराम' के तीनों मुख्य पात्रों में से किससे आप सर्वाधिक प्रभावित होते हैं और क्यों?

**(घ)** 'उत्साह' कविता क्रांति और बदलाव की कविता किस प्रकार है? किन्हीं दो बिंदुओं से स्पष्ट कीजिए।

**16. (क)** आपने समाजशास्त्र में उच्च अध्ययन किया है। एक गैर-सरकारी संगठन (NGO) के मुख्य कार्यकारी प्रबंधक के लिए स्ववृत्त (बायोडाटा) 80 शब्दों में तैयार कीजिए। आपका नाम सीमा/सुरेश है। **1×5=5**

**(ख)** आप बतौर अध्यापक कार्यरत हैं लेकिन आप किसी कारण से अब अपना व्यवसाय बदलना चाहते है। नौकरी से त्यागपत्र देते हुए विद्यालय प्रमुख को 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए। आपका नाम प्रेरणा/प्रतीक है।

**Outside Delhi Set-III** **3/6/3**

**नोट:** निम्नलिखित प्रश्नों के अतिरिक्त अन्य प्रश्न Outside Delhi Set-I & Set-II में हैं।

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**3. 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए—** **2×1=1**

**(i)** 'बोलचाल की जो भाषा है वही कविता को प्रभावशाली बनाती है'-प्रस्तुत वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित करने पर होगा—

**(a)** कविता में बोलचाल की भाषा है और वह उसे प्रभावशाली बनाती है।

**(b)** बोलचाल की भाषा कविता को प्रभावशाली बनाती है।

**(c)** उस कविता में जो प्रभाव है, वह बोलचाल की भाषा का परिणाम है।

**(d)** जब बोलचाल की भाषा का प्रयोग करेंगे तो कोई भी कविता प्रभावशाली बन सकती है। **1**

**(ii)** 'परशुराम के आने पर सब डर गए।'-वाक्य का संयुक्त वाक्य बनेगा—

**(a)** परशुराम आए और सब डर गए। **(b)** परशुराम आकर सबको डरा दिए।

**(c)** परशुराम से सब डरते थे इसलिए आने पर भी डर गए। **(d)** क्योंकि परशुराम आए इसलिए सब डर गए। **1**

**4. 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** **2×1=2**

**(i)** निम्नलिखित में से कर्मवाच्य के उदाहरण में किसे नहीं माना जाएगा?

**(a)** उसके द्वारा कहानी सुनाई गई। **(b)** उससे कुछ भी कहा नहीं गया।

**(c)** बूढ़ी-दादी से चला नहीं गया। **(d)** माँ से अब खाना बनाया नहीं जाता। **1**

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृवाच्य का उदाहरण है—

**(a)** लड़के से तैरा जाता है। **(b)** लड़के ने तैराकी सीखी।

**(c)** लड़के द्वारा तैराकी प्रतियोगिता में भाग लिया गया। **(d)** लड़के से तैरा नहीं जाता है। **1**

**8. गद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए:** **2×1=2**

**(i)** नवाब साहब द्वारा बार-बार खीरा खाने का आग्रह किया जा रहा था, इसे लेखक ने कैसे टाला?

**(a)** साफ़-साफ़ मना करके **(b)** उपेक्षापूर्वक दूसरी ओर देखकर

**(c)** पेट कमज़ोर होने का बहाना बनाकर **(d)** पेट भरे होने का बहाना बनाकर **1**

**(ii)** निम्नलिखित में बालगोबिन भगत के विषय में कौन-सी बात सही है?

**(a)** कार्तिक माह में वे अकसर शाम को पद गाते थे। **(b)** वे दूसरों के काम में दखल देते थे।

**(c)** बारिश की आधी रात में अकसर वे खेतों में चले जाते। **(d)** अपने खेत की पूरी फसल वे कबीर मठ में चढ़ाने ले जाते थे। **1**

**10. पद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए:** **2×1=2**

**(i)** गोपियाँ कृष्ण को हारिल की लकड़ी के समान पकड़े हैं-इसका आशय है—

**(a)** गोपियों ने कृष्ण को अपना सहारा बनाया है।

**(b)** गोपियाँ मन, वचन और कर्म से एकनिष्ठता में कृष्ण के प्रति समर्पित हैं।

**(c)** जिस तरह हारिल हाथ में लकड़ी लिए रहता है गोपियाँ कृष्ण की छोड़ी लकुटी लिए रहती हैं।

**(d)** वे कृष्ण से वैसा प्रेम नहीं करतीं जैसा हारिल लकड़ी से करता है। **1**

**(ii)** विश्व के सभी जन गर्मी और अन्याय से किस मनोदशा में थे? 'उत्साह' कविता के आधार पर लिखिए—

**(a)** बेचैन और अनमने **(b)** बारिश के इंतजार में

**(c)** प्रतीक्षा और बेचैनी **(d)** व्याकुल और आशावादी **1**

## खण्ड–'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए— 3×2=6**

**(क)** कैप्टन नेताजी की मूर्ति पर लगा चश्मा अकसर क्यों बदल देता था? उसकी इस हरकत से आपके मन में उसके प्रति कौन-से भाव आते हैं?

**(ख)** 'भगत की पुत्र-वधू भी उनकी उतनी ही चिंता करती थी जितनी भगत उसकी करते थे।–'बालगोबिन भगत'पाठ से उदाहरण देते हुए इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**(ग)** काशी में किस प्रकार के परिवर्तन हो रहे थे और उन परिवर्तनों पर बिस्मिल्ला खाँ क्या सोचते थे?

**(घ)** 'संस्कृति' पाठ के लेखक किस तर्कों के आधार पर न्यूटन को 'संस्कृत मानव' कहते हैं? क्या आप भी उनसे सहमत हैं?

**12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए—**

**3×2=6**

**(क)** 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के अंतर्गत लक्ष्मण वीरों और कायरों की कौन-सी विशेषताएँ बताते हैं और क्यों?

**(ख)** पाठ्यक्रम में पढ़ी कौन-सी कविता पूरी तरह प्रकृति के सौंदर्य पर केन्द्रित है? उसमें वर्णित प्राकृतिक सुंदरता के किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए।

**(ग)** बच्चे की दंतुरित मुस्कान का किस-किस पर क्या-क्या प्रभाव पड़ता है? यह 'दंतुरित मुस्कान' कविता के आधार पर लिखिए।

**(घ)** 'कथा के सीवन को उधेड़ने' का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि कवि के लिए आत्मकथा लिखना सीवन उधेड़ने जैसा क्यों है?

**16. (क)** आपका नाम मारिया/मोहनिश है। आपने बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस में उत्तीर्ण की है। अ.ब.स. बैंक को कुछ कम्प्यूटर इंजीनियरों की आवश्यकता है। अपनी शैक्षणिक योग्यताओं, रुचि और अनुभव की जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। **1×5=5**

**(ख)** आप कोल्हापुर, महाराष्ट्र के निवासी मिलिंद/भुवी हैं। आपके एक परिचित ने आपको दिल्ली से एक पार्सल भेजा जो 25 दिनों बाद भी नहीं मिला। आप कोरियर कंपनी को ई-मेल लिखकर शिकायत करते हुए उचित कार्यवाही करने की चेतावनी दीजिए।

❑❑❑

# उत्तरमाला

**Delhi Set-I** **3/4/1**

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

1. (i) **विकल्प (c) सही है।**
**व्याख्या**—वैज्ञानिकों का मानना है कि दुनियाभर में बढ़ते पर्यावरण संकट को कम करने में जैविक खेती एक उपचार भूमिका निभा सकती है।
(ii) **विकल्प (c) सही है।**
**व्याख्या**—लोगों में प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी का अभाव है।
(iii) **विकल्प (d) सही है।**
(iv) **विकल्प (a) सही है।**
(v) **विकल्प (b) सही है।**

### (पद्यांश एक)

2. (i) **विकल्प (d) सही है।**
**व्याख्या**—कवि को विश्वास है कि एक दिन दु:ख अवश्य सुख में बदलेगा।
(ii) **विकल्प (d) सही है।**
**व्याख्या**—'जीवन मूल्यों' के कमज़ोर पड़ने का कारण आर्थिक दौड़ है।
(iii) **विकल्प (d) सही है।**
(iv) **विकल्प (c) सही है।**
(v) **विकल्प (d) सही है।**

### (पद्यांश दो)

(i) **विकल्प (III) सही है।**
**व्याख्या**—'काले बादल' और 'चाँदी की रेखा' 'विपत्तियाँ' और 'आशा की किरण' का प्रतीक हैं।
(ii) **विकल्प (IV) सही है।**
**व्याख्या**—स्वतंत्रता प्राप्ति के मार्ग में जाति द्वेष और वैश्विक अशांति के बादल छाए हुए हैं।
(iii) **विकल्प (IV) सही है।**
(iv) **विकल्प (b) सही है।**
(v) **विकल्प (a) सही है।**

3. (i) **विकल्प (a) सही है।**
**व्याख्या**—मिश्र वाक्य में जब-तब, जैसा-वैसा, कि इत्यादि योजक शब्दों का प्रयोग किया जाता है।
(ii) **विकल्प (b) सही है।**
(iii) **विकल्प (d) सही है।**
(iv) **विकल्प (b) सही है।**
(v) **विकल्प (c) सही है।**

4. (i) **विकल्प (a) सही है।**
(ii) **विकल्प (c) सही है।**
**व्याख्या**—जिस वाक्य में कर्म मुख्य हो तथा इसकी सकर्मक क्रिया के लिंग, वचन व पुरुष कर्म के अनुसार हों, उसे कर्म वाच्य कहते हैं।
(iii) **विकल्प (b) सही है।**
(iv) **विकल्प (a) सही है।**
(v) **विकल्प (d) सही है।**

5. (i) **विकल्प (a) सही है।**
**व्याख्या**—खीरे-जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, सम्बन्ध कारक है।
(ii) **विकल्प (c) सही है।**
(iii) **विकल्प (b) सही है।**
(iv) **विकल्प (a) सही है।**
(v) **विकल्प (d) सही है।**

6. (i) **विकल्प (d) सही है।**
**व्याख्या**—जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आए लेकिन उसके अर्थ अलग-अलग निकलें वहाँ श्लेष अलंकार होता है।
(ii) **विकल्प (a) सही है।**
(iii) **विकल्प (b) सही है।**
(iv) **विकल्प (d) सही है।**
(v) **विकल्प (b) सही है।**

7. (i) **विकल्प (a) सही है।**
**व्याख्या**—जीप के आगे बढ़ने पर भी हालदार साहब का मूर्ति के बारे में सोचते रहने का कारण देश प्रेम की भावना थी।
(ii) **विकल्प (c) सही है।**
(iii) **विकल्प (a) सही है।**
(iv) **विकल्प (c) सही है।**
(v) **विकल्प (d) सही है।**

8. (i) **विकल्प (d) सही है।**
**व्याख्या**—अपने बेटे का क्रिया-कर्म बहू से करवाया। इस घटना के आधार पर कहा जा सकता है कि बालगोबिन भगत प्रचलित सामाजिक मान्यताओं के नहीं मानते थे।
(ii) **विकल्प (c) सही है।**

9. (i) **विकल्प (a) सही है।**
**व्याख्या**—मुख्य गायक अपने ही सरगम को गाने की रौ में भटकने के कारण लाँघ जाता था।
(ii) **विकल्प (c) सही है।**
(iii) **विकल्प (c) सही है।**

(iv) **विकल्प (b) सही है।**

(v) **विकल्प (b) सही है।**

10. (i) **विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—गोपियाँ उद्धव को भाग्यवान मानती हैं क्योंकि उद्धव श्री कृष्ण के प्रेम-बन्धन से मुक्त और अलिप्त हाने के कारण विरह वेदना से भी मुक्त हैं।

(ii) **विकल्प (d) सही है।**

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. **(क)** लेखक ने आग का आविष्कार और सुई-धागे का आविष्कार मनुष्य की खोजने की शक्ति का परिणाम बताया है। इसे ही वह संस्कृति मानते हैं। जिस मनुष्य की खोज प्रवृत्ति जितनी अधिक सुदृढ़ होगी वह उतना ही अच्छा आविष्कार करेगा और उतना ही संस्कृत व्यक्ति भी बनेगा।

**(ख)** 'नवाब साहब ने खीरे बाहर फेंक दिए' हमारी दृष्टि में उनका यह व्यवहार बिल्कुल भी उचित नहीं है। स्वयं को श्रेष्ठ दिखाने के लिए उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। उनका ऐसा करना दिखावे की संस्कृति का परिचायक है।

**(ग)** मन्नू भण्डारी के पिता बहुत ही विद्वान व्यक्ति थे। वह सदा पढ़ने-लिखने में ही व्यस्त रहते थे। वह बिना किसी स्वार्थ के दूसरे लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते थे।

**(घ)** भारत रत्न मिलने पर भी बिस्मिल्ला खाँ ने कभी स्वयं पर घमण्ड नहीं किया। उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम एकता को कायम रखने का प्रयास किया। एक दिन उन्होंने फटी लुँगिया पहनी तो उनकी एक शिष्या ने मना किया तब उन्होंने शिष्या को समझाया कि मनुष्य की प्रतिभा महत्त्वपूर्ण होती है न कि दिखावा।

12. **(क)** कवि जीवन की लम्बी राह अर्थात् मार्ग पर चलते-चलते थककर चूर हो गया है। केवल स्मृति ही उसका सहारा हैं। उसकी स्मृति ही उस थकान को थोड़ा-बहुत कम कर देती हैं। यह मीठी यादें ही उसको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

**(ख)** फाल्गुन मास में प्रकृति की शोभा अपने चरमोत्कर्ष पर है। चारों ओर हरियाली छाई हुई है। सरसों के पीले फूलों की चादर बिछी हुई है। फूलों से लदे वृक्षों व पौधों पर भँवरों की टोली उमड़ने लगी है।

**(ग)** कवि का मानना है कि छोटे बच्चे की आकर्षक मुस्कान किसी मृतक व्यक्ति में भी जान डाल सकती है। बच्चे के कोमल शरीर पर लगी हुई धूल ऐसी लग रही है मानो कीचड़ में कमल का फूल खिला हो। वह शिशु को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि शिशु तुम ऐसे कमल हो जो तालाब छोड़कर मेरी झोपड़ी में खिल रहे हो।

**(घ)** फ़सल के लिए खेत, सूरज की रोशनी, हवा, मिट्टी इत्यादि सभी आवश्यक होते हैं। फ़सल को उगाने के लिए मिट्टी का होना अन्यन्त आवश्यक है। मिट्टी का गुण उसकी उपज करने की क्षमता है जो फ़सल को पोषक तत्त्व प्रदान करती है।

13. **(क)** उस समय लोग अधिकतर संयुक्त परिवार में रहते थे तथा ग्रामीण जीवन के अधिक निकट थे। पाठ में वर्णित भोलानाथ के पिता स्वयं के साथ भोलानाथ को भी पूजा में बैठाते थे तथा रामायण का पाठ करते थे। भोलानाथ अपने साथियों के साथ खेल में फ़सल उगाता था, बारात का भी खेल खेलता था लेकिन आज कई परिवर्तन आ गए हैं। खेल के नए उपकरण आ गए हैं। बच्चों के पालन-पोषण में भी फ़र्क आ गया है। बच्चे आज मोबाइल पर अधिक निर्भर हो गए हैं।

**(ख)** जल संचय की व्यवस्था प्रकृति ने बर्फ़ के रूप में की है। प्रत्येक वर्ष बर्फ़ हिमालय से गिरती है और पिघलकर वे नदियों में जाकर मिल जाती है। गाँवों में इन्हीं नदियों के पानी के माध्यम से सिंचाई व्यवस्था की जाती है। मानव जीवन के लिए जल आवश्यक है। इसलिए हमें इसकी स्वच्छता पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

**(ग)** पाठ के अन्तर्गत हिरोशिमा के बिस्फोट की चर्चा हुई है जिसमें विज्ञान का दुरुपयोग बुरी तरह से किया गया है। रेडियोधर्मी पदार्थ की किरणों ने वहाँ के पत्थर को भी बुरी तरह से झुलसा दिया था। आदमी तो भाप बनकर ही उड़ गया होगा। आज आतंकवादी संसार में किसी भी जगह विस्फोट कर देते हैं। अनावश्यक वैज्ञानिक खोज और उत्पाद को रोककर हम विज्ञान के दुरुपयोग को कम कर सकते हैं।

14. **(क)** आज़ादी का अमृत महोत्सव

- शुरूआत कब और कहाँ
- विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम
- नए संकल्प
- भारत की पहचान

भारत की संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा यह कदम उठाया गया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मार्च 2021 को अहमदाबाद के साबरमती आश्रम में आज़ादी के अमृत महोत्सव का उद्घाटन किया क्योंकि इसी दिन गाँधी जी ने 'नमक सत्याग्रह' आन्दोलन की शुरूआत की थी।

आज़ादी का यह महोत्सव 75 सप्ताह तक मनाया जाएगा। इन सप्ताह में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराए जाएँगे। आज भारत एक परमाणु शक्ति होने के साथ ही बड़ी सैन्य शक्ति भी है। मंगल पर मानव भेजने वाले 5 देशों की सूची में हमारा देश

भी शामिल है। उत्पादन के मामले में भी भारत सशक्त होकर उभरा है। स्कूल के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपनी कला के माध्यम से आज़ादी का महोत्सव मनाएँगे।

**(ख)** ऑनलाइन खरीददारी: समय की माँग

- ऑनलाइन खरीददारी से अभिप्राय
- बदलते समय की आवश्यकता
- खरीददारी करते समय संयम की आवश्यकता
- खरीददारी के समय सावधानियाँ

आज ऑनलाइन प्लेटफार्म पर तमाम वस्तुओं को खरीद सकते है तथा उनकी कीमत से भी अवगत हो सकते हैं। ऑनलाइन खरीदारी समय की माँग है तथा यह अपने ग्राहकों को विभिन्न सेवाएँ प्रदान करती हैं जिसके माध्यम से व्यवसाय या फिर लेन-देन भी किया जा सकता है। आज कल लोग अत्यन्त व्यस्त हो गए हैं इसलिए उन्हें नेट पर जो भी वस्तु पसन्द आती है उसे तुरन्त ऑर्डर कर देते हैं। यह समय की बचत करता है। महिलाओं और लड़कियों को खरीददारी की लत-सी होती है। तकनीक भी दिन-प्रतिदिन उन्नत हो रही है इसलिए एक ही जगह पर बैठकर वस्तुएँ आसानी से प्राप्त हो जाती हैं। कभी-कभी कोई वस्तु की वापसी भी चार्जेबल हो सकती है तो ध्यान से ही वस्तु का चयन करना चाहिए। ऑनलाइन खरीददारी करते समय यह अवश्य देख लेना चाहिए कि इसमें वापसी का विकल्प है या नहीं क्योंकि यदि वापसी का विकल्प होगा तो खराब सामान के आने पर उसे बदला या वापिस किया जा सकता है।

**(ग)** मधुर वचन हैं औषधि

- शांति देने वाले
- उदाहरण (प्रकृति और आस-पास से)
- भाईचारा और प्रेम
- व्याक्तित्व में निखार

मधुर वचन एक औषधि अर्थात् दवाई के समान होते हैं। यह मन को शांति प्रदान करते हैं। गाँधी जी को ही देख लीजिए। वह मधुर वचन का प्रयोग करते थे, इसलिए आज वह स्मरणीय भी हैं। आज हम क्रोधित होकर अपने रिश्तेदारों से कटु वचन यदि बोल देते हैं तो वे हमारे शत्रु बन जाते हैं। भाई-भाई ही कटु वचन के कारण एक-दूसरे के दुश्मन बन जाते हैं। मधुर वचन के माध्यम से ही रिश्ते को बचाया जा सकता है। जिस व्यक्ति ने अपनी वाणी को संयमित कर लिया है वह अद्वितीय हो जाता है। ऐसे व्यक्ति सदैव प्रेरणादायक होते हैं। यदि आज सभी व्यक्ति अपनी वाणी को संयमित कर लें तो वह अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

**15. (क)** परीक्षा भवन,
परीक्षा केन्द्र
दिनांक- 20 मई xxxx
सेवा में,
प्रधानाचार्य
मीरा बाई इण्टर कॉलेज
आगरा
विषय-विद्यालय में समसामयिक विषयों की पुस्तकें मँगवाने हेतु
महोदय/महोदया,
सविनय निवेदन यह है कि हमारे विद्यालय के पुस्तकालय में समसामयिक विषयों पर पुस्तक नहीं हैं। आगामी दिनों में जी.के. की परीक्षा होने वाली हैं। कक्षा 12वी. के छात्र इस परीक्षा में अव्वल आना चाहते है इसलिए उन्हें समसामयिक विषयों से संबंधित पुस्तक की आवश्यकता पड़ रही है। यह पुस्तकें परीक्षा के साथ-साथ हमारे ज्ञानवर्धन में भी सहायक हैं।
अत: आप हमारे स्कूल के पुस्तकालय में भी समसामयिक विषयों से सम्बन्धित पुस्तकें मँगवाने की अनुमति प्रदान करें। आपके इस कदम से कक्षा 12वीं के छात्र आपके आभारी रहेंगे।
धन्यवाद
आपका आज्ञाकारी शिष्य
तनुज
कक्षा-12वीं

**अथवा**

**(ख)** 61/2 त्रिवेणी नगर
कमला नगर
आगरा
दिनांक: 26 अप्रैल XXXX
प्रिय तेजस्विन
मधुर स्नेह।
कल अख़बार के माध्यम से मुझे पता चला कि राष्ट्रमंडल खेल में तुम्हें ऊँची कूद के लिए पदक मिला है। तुम्हारी माँ को और हमें तुम पर गर्व है। तुमने अपने परिवार के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन किया है। तुम्हारी इस जीत के लिए तुम्हें बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएँ। मेरे माता-पिता ने भी तुम्हें शुभकामनाएँ और ढेर सारा आशीर्वाद भेजा है। ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है कि तुम अपने जीवन में इसी प्रकार सफ़लता प्राप्त करते रहो और अपने देश का नाम भी रोशन करो। अपने माता-पिता को मेरा नमस्कार कहना। तुम्हारे पत्र की प्रतीक्षा रहेगी।
तुम्हारा मित्र
विभू

**16.** **(क)** सेवा में

रेलवे बोर्ड

नई दिल्ली

विषय–रेलवे बोर्ड में कार्यालय सहायक के रिक्त पद पर आवेदन हेतु

महोदय,

मैने अख़बार में रेलवे बोर्ड में कार्यालय संगठन के रिक्त पद के लिए एक विज्ञापन देखा था। इस पद हेतु मैं अपना आवेदन–पत्र आपकी सेवा में प्रेषित कर रही हूँ।

इसके साथ मेरा स्ववृत्त निम्नलिखित है–

| | |
|---|---|
| नाम | – दिव्या |
| पिता का नाम | – श्री प्रेम सिंह |
| माता का नाम | – श्रीमती निर्मला देवी |
| जन्मतिथि | – 16 मई, 1980 |
| वर्तमान पता | – जीजी पुरम आगरा |
| दूरभाष संख्या | – 247X47X66 |
| मोबाइल संख्या | – 90XX38XXXX |

**शैक्षणिक योग्यताएँ**

| क्रम संख्या | परीक्षा | संस्था | बोर्ड | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवीं | प्रेम विद्यालय | दयालबाग़ | हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास | प्रथम | 80% |
| 2. | बारहवीं | प्रेम विद्यालय | दयालबाग़ | अंग्रेजी, कॉमर्स | प्रथम | 85% |
| 3. | बी. कॉम. | डी.ई.आई. | दयालबाग़ | कॉमर्स | प्रथम | 91% |

**अन्य सम्बन्धित योग्यताएँ**

कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान

**उद्घोषणा**

मैं प्रमाणित करती हूँ कि उपर्युक्त सभी सूचनाएँ सत्य हैं।

दिनांक: XX|9|XXXX

स्थान: नई दिल्ली

हस्ताक्षर ...............

**अथवा**

**(ख)** From : Poonambaghet@gmail.com

To : newssnation@gmail.com

CC: ...................

BCC: ...................

विषय–जल भराव से मुक्ति हेतु

महोदय,


मेरा नाम पूनम बघेल है। मैं कमला नगर की निवासी हूँ। अभी कुछ दिनों पहले वर्षा तीव्र गति से हुई जिसके कारण यहाँ पर अधिक जल भराव हो गया है। नालियों के पानी का भी निकास नहीं हो रहा है। इसके कारण मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है। कुछ दिनों पहले ही डेंगू के दो–तीन मामले प्रकाश में आए हैं। हम सभी अपने स्कूल और काम पर भी नहीं जा पा रहे हैं। हमने कई बार नगर निगम वालों से भी सम्पर्क किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

आपसे निवेदन है कि पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करवाई जाए तथा मच्छरों को मारने की दवाई भी डलवाई जाए। आपकी अति कृपा होगी।

सधन्यवाद

पूनम बघेल।

**17.** **(क)**



(ख) दिनांक— 21/9/xxxx

समय— 8.00 am.

प्रिय सुमित,

ईद का त्योहार आया है, अपने संग हज़ारों खुशियाँ लाया है। अल्लाह से यही दुआ है कि तुम सदैव खुश रहो और अपने जीवन में सफ़लता प्राप्त करो। इस ईद के अवसर पर अल्लाह तुम्हारे जीवन में और तुम्हारे परिवार के जीवन में रहमत बरसे। ईद की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ मेरे प्रिय दोस्त। तुम भी सदैव ईद के चाँद की तरह जगमगाते रहो।

तुम्हारा प्रिय मित्र

सिद्धार्थ

**Delhi Set-II** **3/4/2**

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय वस्तुपरक प्रश्न)

**3.** (i) **विकल्प (a) सही है।**

**व्याख्या**—जिससे वाक्य में कर्ता की प्रधानता का बोध हो उस क्रिया को कर्तृवाच्य कहते हैं।

(ii) **विकल्प (b) सही है।**

(iii) **विकल्प (c) सही है।**

(v) **विकल्प (c) सही है।**

**4.** (i) **विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—मिश्र वाक्य में जब-तब, जैसा - वैसा, कि, यदि-तो इत्यादि का प्रयोग किया जाता है।

(ii) **विकल्प (d) सही है।**

(iii) **विकल्प (b) सही है।**

(iv) **विकल्प (b) सही है।**

(v) **विकल्प (d) सही है।**

**5.** (i) **विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—श्लेष का अर्थ होता है चिपका हुआ। जब किसी शब्द का प्रयोग एक बार ही किया जाता है लेकिन उससे कई अर्थ निकलते हैं तो उसे श्लेष अलंकार कहा जाता है।

(ii) **विकल्प (b) सही है।**

(iii) **विकल्प (d) सही है।**

(iv) **विकल्प (a) सही है।**

(v) **विकल्प (d) सही है।**

**6.** (i) **विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—धान में जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, सम्बन्धकारक विद्यमान है।

(ii) **विकल्प (c) सही है।**

(iii) **विकल्प (a) सही है।**

(iv) **विकल्प (c) सही है।**

(v) **विकल्प (a) सही है।**

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**16.** (क) सेवा में,

लता टेक्सटाइल्स

नई दिल्ली

विषय-फैक्ट्री में सुपर वाइज़र के पद के लिए आवेदन हेतु

महोदय,

मैंने एक अख़बार में आपकी कपड़े की फैक्ट्री का विज्ञापन देखा जिसमें सुपरवाइज़र के लिए एक पद रिक्त है। इस पद हेतु मैं अपना आवेदन-पत्र आपकी सेवा में प्रेषित कर रहा हूँ। इसके साथ मेरा स्ववृत्त निम्नलिखित है—

नाम — स्मित

पिता का नाम — श्री रमेश

माता का नाम — श्रीमती लीला देवी

जन्मतिथि — 1/3/1992

वर्तमान पता — 232, छलेसर आगरा

दूरभाष संख्या — 682X33X44

मोबाइल संख्या — 8193XXXXXX

**शैक्षणिक योग्यताएँ**

| क्रम संख्या | परीक्षा | संस्था | बोर्ड | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवीं | एस.एस.कान्वेंट | सी.बी.एस.ई. | हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान | प्रथम | 88% |
| 2. | बारहवीं | एस.एस.कॉन्वेंट | सी.बी.एस.ई. | पी.सी.एम. | प्रथम | 91% |

**अन्य सम्बन्धित योग्यताएँ**

- कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान।
- अंग्रेज़ी भाषा का अच्छा ज्ञान (बोलचाल में)

**उद्घोषणा**

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त सभी सूचनाएँ सत्य हैं।

दिनांक: 28/2/XXXX

स्थान: आगरा

हस्ताक्षर: ...................

**अथवा**

**(ख)** From : Mayanksingh@gmail.com

To : Unionbankofindia@gmail.com

CC : ..................

BCC : ..................

विषय– बैंक की पास बुक खोने की सूचना देने हेतु

महोदय,

मेरा नाम मयंक सिंह है। मैं दयालबाग क्षेत्र का निवासी हूँ तथा आपकी बैंक का उपभोक्ता भी। मैं एक सप्ताह से अपनी पासबुक की तलाश कर रहा हूँ लेकिन वह मुझे मिल नहीं रही है। शायद कहीं गिर गई होगी। आपसे अनुरोध है कि मेरी नई पासबुक बनवा दें। मैं सदा आपका आभारी रहूँगा। बैंक से सम्बन्धित मेरी जानकारियाँ निम्नलिखित हैं–

खाता संख्या – 2834XXXXXXX

सधन्यवाद

मयंक सिंह

**17. (क)**

**एस.एस.कॉन्वेंट स्कूल, आगरा**
**एकदिवसीय प्रदर्शनी**


★ दिनांक: 18/1/XXXX

★ दिन: रविवार

★ समय: प्रात 10 बजे से सांय 6 बजे तक

★ स्थान: कमला नगर आगरा पानी की टंकी के पास (एस.एस.कॉन्वेन्ट स्कूल)

बहुत ही कम दामों पर उपलब्ध



★ **मुख्य आकर्षण :**
- हस्तनिर्मित दीए और मोमबत्ती
- सजावट की अन्य विविध वस्तुएँ
- हस्तनिर्मित मिठाइयाँ

**अथवा**

**(ख)** दिनांक: 8/3/20XX

समय: 7:00 a.m.

प्रिय पिंकी,

होली का गुलाल हो, रंगों की बहार हो, गुजिया की मिठास हो और एक बात खास हो, सब के दिल में प्यार हो। मेरी और मेरे परिवार की तरफ़ से तुम्हें होली की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। होली के रंगों की तरह तुम्हारे जीवन में सदैव रंग भरे रहें। गुजिया की मिठास की तरह हमारी मित्रता भी सदैव मीठी रहे।

तुम्हारी सहेली

पूनम बघेल।

**Delhi Set-III** **3/4/3**

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**3. (i) विकल्प (d) सही है।**

**व्याख्या**–श्लेष का अर्थ होता है चिपका हुआ। जब किसी शब्द का प्रयोग एक बार ही किया जाता है लेकिन उससे कई अर्थ निकलते हैं तो उसे श्लेष अलंकार कहा जाता है।

**(ii) विकल्प (b) सही है।**

**(iii) विकल्प (d) सही है।**

**(iv) विकल्प (a) सही है।**

**(v) विकल्प (b) सही है।**

**4. (i) विकल्प (c) सही है।**

**(ii) विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**–सफ़ेदपोश में जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्त्ताकारक है।

**(iii) विकल्प (c) सही है।**

**(iv) विकल्प (a) सही है।**

**(v) विकल्प (c) सही है।**

**5. (i) विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**–जिससे वाक्य में कर्ता की प्रधानता का बोध हो उस क्रिया को कर्तृवाच्य कहते हैं।

**(ii) विकल्प (c) सही है।**

**(iii) विकल्प (c) सही है।**

**(v) विकल्प (d) सही है।**

**6. (i) विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**–मिश्र वाक्य में जब-तब, जैसा-वैसा, कि, यदि-तो, इसलिए इत्यादि का प्रयोग किया जाता है।

**(ii) विकल्प (d) सही है।**

**(iii) विकल्प (c) सही है।**

(iv) **विकल्प (a) सही है।**

(v) **विकल्प (b) सही है।**

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**15. (क)** सेवा में,

केन्द्रीय विद्यालय

नई दिल्ली

विषय- क्रिकेट कोच के पद के लिए आवेदन हेतु

महोदय,

मैंने अख़बार में केन्द्रीय विद्यालय का एक विज्ञापन देखा जिसमें क्रिकेट कोच के लिए उम्मीदवारों की भर्ती की जा रही है। इस पद हेतु मैं अपना आवेदन-पत्र आपकी सेवा में प्रेषित कर रहा हूँ। इसके साथ मेरा स्ववृत्त निम्नलिखित है—

नाम — पुष्कर

पिता का नाम — श्री अरविन्द सिंह

माता का नाम — श्रीमती कमलेश

जन्मतिथि — 1/3/1992

वर्तमान पता — 23, दयालबाग आगरा

दूरभाष संख्या — 724X44X33

मोबाइल संख्या — 8123XX45XX

**शैक्षणिक योग्यताएँ**

| क्रम संख्या | परीक्षा | संस्था | बोर्ड | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवीं | एस.एस.कॉन्वेन्ट | सी.बी.एस.ई. | हिन्दी, अंग्रेज़ी, इतिहास | प्रथम | 80% |
| 2. | बारहवीं | एस.एस.कॉन्वेंट | सी.बी.एस.ई. | हिन्दी, अंग्रज़ी, शिक्षा-विज्ञान | प्रथम | 85% |
| 3. | बी.ए. | डी.ई.आई | दयालबाग़ | शिक्षा-विज्ञान | प्रथम | 89% |

**अन्य सम्बन्धित योग्यताएँ**

- कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान।
- क्रिकेट अकादमी से क्रिकेट में एकवर्षीय प्रशिक्षण प्राप्त।

**उद्घोषणा**

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त सभी सूचनाएँ सत्य हैं।

दिनांक: 24/2/XXXX

स्थान: आगरा

हस्ताक्षर: ....................

**अथवा**

**(ख)** From : Deepaksingh@gmail.com

To : Prakharkumar@gmail.com

CC : ..................

BCC : ..................

विषय— मित्र को बहन के विवाह में आमन्त्रित करने हेतु

प्रिय मित्र प्रखर,

मैं बहुत दिनों से तुम्हें पत्र लिखने की सोच रहा था लेकिन व्यस्त रहने के कारण लिख नहीं पाया। आशा है कि तुम अमेरिका में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सकुशल होंगे। तुन्हें यह जानकर बहुत खुशी होगी कि मेरी बड़ी बहन का विवाह 20 फरवरी को सुनिश्चित हो गया है। तुम्हें अपने पूरे परिवार के साथ मेरी बहन की शादी में ज़रूर आना है। विवाह का कार्यक्रम इस प्रकार है—

हल्दी संगीत ............ 17 फरवरी 2:00 p.m.

मेहंदी संगीत ................ 18 फरवरी 4:00 p.m.

विवाह ............. 20 फरवरी 8:00 p.m.

विदाई .............. 21 फरवरी 11:00 p.m.

तुम हल्दी संगीत से दो दिन पहले ही अपने परिवार के साथ अजमेर आ जाना। आने का कार्यक्रम पत्र द्वारा अवश्य बताना। तुम्हारे पत्र का इंतज़ार रहेगा।

तुम्हारा प्रिय मित्र

दीपक

17. (क)

**मानव पुस्तक भण्डार**

**सूझे न जब कोई निदान पुस्तक से मिले समाधान**

**पुरानी किताबे कम दामों पर उपलब्ध**

**ऑनलाइन ऑर्डर की सुविधा उपलब्ध**

**सभी कक्षाओं की पुस्तकों का संग्रह**
**विभिन्न प्रतियोगिताओं की पुस्तकें उपलब्ध**
**30% की छूट, ऑफर सिर्फ़ सीमित समय के लिए**

**मानव पुस्तक भण्डार, राजामण्डी आगरा।**
**अधिक जानकारी के लिए संम्पर्क करें-8342xx47xx**
**manavbooks@gmail.com**

**अथवा**

**(ख)** दिनांक: 24/3/20XX

समय: 7 a.m.

प्रिय बहन,

आशा है तुम सकुशल होगी। पिता जी ने कल तुम्हारे बारे में बताया कि तुम्हें आई.आई.टी में प्रवेश मिल गया है। आई.आई.टी में प्रवेश पाने वाली तुम हमारे परिवार की पहली लड़की हो। तुमसे पूरी परिवार की बहुत उम्मीदें हैं। आई.आई.टी. में प्रवेश पाने के लिए तुम्हें बहुत-बहुत बधाई हो। इसी प्रकार तुम हमारे परिवार का नाम रोशन करो ओर अपने जीवन में उच्चतम सफ़लता प्राप्त करो।

तुम्हारी बहन

पूनम बघेल।

**Outside Delhi Set-I** **3/6/1**

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

1. (i) **विकल्प (d) सही है।**

(ii) **विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—हुगली ज्वारी नदी है। हर रोज़ ज्वार के समय समुद्र नदी के पानी को वापस कोलकाता तक ठेलता है। ज्वार और भाटे के बीच जल स्तर एक ही दिन में कई फुट ऊपर-नीचे हो जाता है। शहर के पूरब में बहने वाली एक छोटी-सी नदी कुल्टीगंग है।

(iii) **विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—कोई 30,000 एकड़ में फैले तालाब और खेत कोलकाता के कुल मैले पानी कें दो-तिहाई हिस्सा साफ़ करते हैं। यहाँ मैले पानी की सफ़ाई का तरीका भी दूसरे शहरों से निराला है।

(iv) **विकल्प (c) सही है।**

(v) **विकल्प (c) सही है।**

**पद्यांश-एक**

2. (i) **विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—'दुनिया में करुणा की कमी पड़ गई है'— पंक्ति का आशय है कि लोगों के भीतर से संवेदना समाप्त हो गई है।

(ii) **विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—'करुणा की बर्फ़ पिघल नहीं रही'— पंक्ति में बर्फ़ पिघल नहीं रही का अभिप्राय है कि लोग दूसरों के दु:खों से द्रवीभूत नहीं हो रहे हैं।

(iii) **विकल्प (a) सही है।**

(iv) **विकल्प (d) सही है।**

(v) **विकल्प (d) सही है।**

**पद्यांश-दो**

(i) **विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—ताक़तवर के सामने सिर को झुकाना जीवन के सामान्य कार्य व्यवहार का हिस्सा नहीं है।

(ii) **विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—'चापलूस की आत्मा' के झुकने से तात्पर्य है— अपने लाभ के लिए खुशामद करने वाले द्वारा आत्म-सम्मान को छोड़ दिया जाना।

(iii) **विकल्प (a) सही है।**

(iv) **विकल्प (d) सही है।**

(v) **विकल्प (a) सही है।**

3. (i) **विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—"जैसा कि बताया जा चुका है, मूर्ति संगमरमर की थी।" —वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण इस प्रकार होगा

कि "मूर्ति के संगमरमर के होने के विषय में बताया जा चुका है।"

**(ii) विकल्प (a) सही है।**

**व्याख्या**—'केवल एक चीज़ की कसर थी जो देखते ही खटकती थी'। —वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण होगा— 'केवल एक चीज़ की कसर थी और वह देखते ही खटकती थी।'

**(iii) विकल्प (a) सही है।**

**(iv) विकल्प (a) सही है।**

**(v) विकल्प (b) सही है।**

**4. (i) विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—कर्मवाच्य - इसमें क्रिया का सीधा सम्बन्ध कर्म से होता है और क्रिया का रूप कर्म के अनुसार बदलता है।

**(ii) विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—कर्तृवाच्य - जिस वाक्य में कर्ता की प्रधानता का बोध हो उसे कर्तृवाच्य कहते हैं।

**(iii) विकल्प (d) सही है।**

**(iv) विकल्प (a) सही है।**

**(v) विकल्प (d) सही है।**

**5. (i) विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, अपादान कारक

**(ii) विकल्प (a) सही है।**

**व्याख्या**—अकर्मक क्रिया, भविष्यत् काल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य

**(iii) विकल्प (a) सही है।**

**(iv) विकल्प (b) सही है।**

**(v) विकल्प (d) सही है।**

**6. (i) विकल्प (d) सही है।**

**व्याख्या**—जहाँ पर किसी भी बात को बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है, वहाँ अतिश्योक्ति अलंकार होता है।

**(ii) विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—जिस जगह पर ऐसे शब्दों का प्रयोग हो जिनके एक से अधिक अर्थ निकलते हों, वहाँ श्लेष अलंकार होता है।

वृषभानुजा के दो अर्थ हैं—

- वृषभानु की पुत्री राधा
- वृषभ की अनुजा गाय

**(iii) विकल्प (c) सही है।**

**(iv) विकल्प (b) सही है।**

**(v) विकल्प (b) सही है।**

**7. (i) विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—भाइयों की गतिविधियों का दायरा घर के बाहर रहने और बहनों की सीमा घर होने का अभिप्राय यह है कि लड़कों को पूरे संसार की आज़ादी थी पर लड़कियाँ घरों के दायरे में सीमित।

**(ii) विकल्प (b) सही है।**

**(iii) विकल्प (a) सही है।**

**(iv) विकल्प (d) सही है।**

**(v) विकल्प (b) सही है।**

**8. (i) विकल्प (a) सही है।**

**व्याख्या**—पानवाले ने नेताजी की मूर्ति पर चश्मा न होने का कारण बताया - 'मास्टर बनाना भूल गया' - यह उसके लिए मज़ेदार बात थी और हालदार साहब के लिए द्रवित करने वाली बात थी।

**(ii) विकल्प (d) सही है।**

**9. (i) विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—'मुख्य गायक की गरज़ में संगतकार अपनी गूँज प्राचीन काल अर्थात् पुराने युग से मिला रहा है।

**(ii) विकल्प (a) सही है।**

**(iii) विकल्प (a) सही है।**

**(iv) विकल्प (c) सही है।**

**(v) विकल्प (b) सही है।**

**10. (i) विकल्प (d) सही है।**

**व्याख्या**—'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में परशुराम बार-बार विश्वमित्र से लक्ष्मण की शिकायत इसलिए कर रहे थे क्योंकि उस समय के लिए विश्वामित्र राम-लक्ष्मण के गुरु एवं अभिभावक थे।

**(ii) विकल्प (c) सही है।**

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. (क)** हालदार साहब को कस्बे के नागरिकों का प्रयास सराहनीय इसलिए लगा क्योंकि उनके भीतर देशभक्ति की भावना विद्यमान थी। नेताजी की मूर्ति पर चश्मा देखकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास हालदार साहब को सराहनीय लगा।

**(ख)** नवाब साहब ने लेखक को खीरा खाने का प्रस्ताव दिया लेकिन लेखक ने उसे अस्वीकार कर दिया। खीरे को खाने की इच्छा तथा सामने बैठे यात्री (लेखक) के सामने अपनी झूठी शान बनाए रखने के लिए नवाब साहब ने खीरे फैंक दिए। नवाब साहब के इस स्वभाव से लगता है कि वे दिखावे की ज़िन्दगी ही जीते हैं।

**(ग)** बालगोबिन भगत शाम के समय अपने आँगन में कुछ गाँव के प्रेमियों के साथ जुटे थे। वहाँ खँजड़ियों और करतालों की भरमार हो जाती थी। बालगोबिन भगत कुछ पद कहते और उनकी मंडली उन्हें दोहराती थी। धीरे-धीरे वे लोग इतने मग्न हो जाते कि उनकी ताल व आवाज़ एक निश्चित गति से तीव्र होने लगती।

धीरे-धीरे मन तन पर हावी होने लगता। बीच में खँजड़ी लिए बालगोबिन भगत नाच रहे होते थे। सारा आँगन नृत्य और संगीत से ओतप्रोत होता उठता है।

**(घ)** बिस्मिल्ला खाँ 'मालिक' से दुआ में सच्चे सुर की नेमत माँगा करते थे। यह अपनी संगीत कला के प्रति समर्पित कलाकार थे। सच्चे सुर की इबादत में ही खुदा अर्थात् मालिक के आगे झुकते थे। इससे बिस्मिल्ला खाँ की विनम्रता और सीखने की ललक जैसी व्यक्तित्व की विशेषताओं का पता चलता है।

**12. (क)** 'सूर के पद' में गोपियों के माध्यम से सूरदास की भक्ति-भावना सामने आती है जो इस प्रकार है—

- वे स्वयं को कृष्ण रूपी गुड़ पर लिपटी हुई चींटी कहती हैं।
- वे स्वयं को हारिल पक्षी के समान कहती हैं जिसने कृष्ण-प्रेम रूपी लकड़ी को दृढ़ता से थामा हुआ है।

**(ख)** 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में लक्ष्मण ने अपने कुल की निम्नलिखित विशेषताओं का उल्लेख किया है—

- लक्ष्मण ने बताया कि देवता, ब्राह्मण, भगवान के भक्त और गाय इन पर हमारे कुल में वीरता नहीं दिखाई जाती है क्योंकि इन्हें मारने पर पाप लगता है।
- योद्धा कभी भी धैर्य नहीं छोड़ता, वह युद्ध भूमि में अपनी वीरता का प्रदर्शन शत्रु से युद्ध करके करता है।

**(ग)** इस वर्ष पाठ्यक्रम में पढ़ी फ़सल कविता ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया क्योंकि फ़सल बहुत-सी चीज़ों का सम्मिलित रूप है जैसे नदियों का पानी, हाथों की मेहनत, भिन्न मिट्टियों का गुण तथा सूर्य की किरणों का प्रभाव तथा मंद हवाओं का स्पर्श। इन सबके मिलने से ही फ़सल पूर्ण रूप से तैयार होती है।

**(घ)**
- कवि का जीवन अभावों और दुर्बलताओं से भरा हुआ है इसलिए वह आत्मकथा नहीं लिखना चाहता है।
- कवि ने जीवन में ऐसी कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं कि है कि वह दुनिया को प्रेरणा दे सके, इसलिए वह आत्मकथा नहीं लिखना चाहता है।

**13. (क)** भोलानाथ अपने माता-पिता दोनों से बहुत प्रेम करता है। वह पूरा दिन अपने पिता के साथ ही व्यतीत करता है। उसके पिता हर सुख-दुख: में साथ देते हैं। जब भी उसे डर लगता है तो वह अपनी माँ के आँचल में छुप जाता है। अपने बच्चे को दु:खी देखकर माँ का हृदय भी पिघल जाता है। माँ के आँचल में बच्चा स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। वह अपने पुत्र की पीड़ा को देखकर अपनी सुध-बुध खो देती है। वह इसी प्रयास में है कि अपने पुत्र की पीड़ा को समाप्त कर सके।

**(ख)** लेखक की मान्यता है कि सच्चा लेखन भीतरी विवशता से पैदा होता है। यह विवशता मन के अन्दर से उपजी अनुभूति से जागती है, बाहर की घटनाओं को देखकर नहीं जागती। जब तक कवि का हृदय कुछ अनुभव के कारण संवेदित नहीं होता तब तक उसमें अभिव्यक्त होने की कसक नहीं आती। लेखक बताता है कि मन के दबाव से मुक्त होने के लिए वह लिखता है। कई बार लेखक का मन कुछ भी लिखने के लिए नहीं होता फिर भी प्रकाशक के आग्रह पर उसे लेखन के लिए प्रेरित करता है। इसके अतिरिक्त आर्थिक विवशता भी लेखन के लिए विवश करती है।

**(ग)** लेखिका ने देखा कि स्थानीय महिलाएँ अपनी पीठ पर बच्चे लादे पत्थर तोड़ रही थीं। इस प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच भूख और ज़िन्दा रहने की लड़ाई को देखकर मन पसीज गया। मैं अगर वहाँ होती तो बच्चों के लिए पढ़ने की व्यवस्था करती।

- लेखिका ने बताया कि पहाड़ी इलाका होने के कारण वहाँ के रास्ते अत्यन्त दुर्गम थे। स्कूल से आने के बाद बच्चे लकड़ियाँ लाने और मवेशी चराने में अपने परिवार की मदद करते हैं। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं इसलिए मैं सरकार से उनके पढ़ने की उचित व्यवस्था की प्रार्थना करती।

**14. (क)** आजाद देश के 75 साल और भविष्य की उम्मीदें

संकेत बिन्दु—
- 75 वर्ष के बाद देश का वर्तमान
- भविष्य के लक्ष्य
- लक्ष्य पाने के रास्ते
- नागरिकों का दायित्व

भारत एक विशाल देश है जहाँ अनेक धर्मों के लोग निवास करते हैं। भौगोलिक दृष्टि से भी भारत विस्तृत है। भारत आज दुनिया की बड़ी आर्थिक महाशक्तियों में एक है। 1947 से पहले भारत की आर्थिक स्थिति अंग्रेज़ों ने क्षीण कर दी थी। अंग्रेज़ों द्वारा किए गए विभिन्न हमलों और विमुद्रीकरण के कारण देश बुरी तरह से आर्थिक रूप से ध्वस्त हो गया था। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए, भारत ने आर्थिक स्वतंत्रता को अपना और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार किया गया। यह योजनाएँ राष्ट्रीय, आर्थिक और सामाजिक विकास की पहल थीं।

पंचवर्षीय योजना सन् 1951 में शुरू की गई जो मुख्य रूप से कृषि, बिजली और परिवहन पर केन्द्रित थी।

नेहरू जी के बाद हरित क्रांति और श्वेत क्रांति को 1964 में लाल बहादुर शास्त्री जी ने प्रोत्साहन दिया। इसके बाद भारत दुनिया का सबसे बड़े कृषि उत्पादकों के रूप में उभर कर सामने आया। आय आदमी के लिए हवाई यात्रा को और अधिक किफ़ायती बनाने के लिए 2016 में 'उड़ान योजना' शुरू की गई। आज विश्व भारत को अग्रणी राष्ट्र एक सम्भावित महाशक्ति के रूप में देखता है। नागरिकों का कर्त्तव्य है कि वे अपने देश के विकास में उनका पूर्ण सहयोग करें।

**(ख)** जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है।

संकेत बिन्दु—
- जीवन और संघर्ष क्या है?
- संघर्ष: सफ़लता का मूलमन्त्र
- असफ़लता से उत्पन्न निराशा और उत्कट जिजीविषा
- जीवन का मूलमंत्र

प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन को व्यतीत करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। चाहे वे अमीर हों या गरीब दोनों का जीवन संघर्षमय होता है। जन्म से मृत्यु के बीच की कालावधि को जीवन कहा जाता है। संघर्ष अर्थात् किसी भी चीज़ को पाने के लिए किया गया प्रतिकार होता है। संघर्ष जीवन को निखारता है, उसको सँवारता है। संघर्ष ही मूल रूप से हमें जीवन का जीने की सलीखा सिखाता है। दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति सफ़लता को पाना चाहता है। सफ़लता प्राप्त करने के लिए वह व्यक्ति अथक प्रयास भी करता रहता है। कुछ व्यक्तियों को सफ़लता आसानी से मिल जाती है, कुछ को आसानी से नहीं। जिनको सफ़लता आसानी से प्राप्त नहीं होती वह पूरे जीवन में संघर्ष करते ही रहते हैं। कुछ हार मानकर पीछे हट जाते हैं। सफ़लता तक पहुँचने के लिए हार न मानना ही जीवन का असली मूलमंत्र है। जीवन पथ पर सफ़लता और विफ़लता दोनों ही प्राप्त होती हैं लेकिन संघर्ष करने का संकल्प शिथिल नहीं पड़ना चाहिए। कवि ने अपने शब्दों में व्यक्त किया है—

"जब नाव जल में छोड़ दी, तूफ़ान में ही मोड़ दी,
दे दी चुनौती सिन्धु को, तो पार क्या, मझधार क्या?"

**(ग)** समय होत सबसे बलवान

संकेत बिन्दु—
- समय/काल का महत्त्व
- सुख-दु:ख का आवागमन
- समय की बारीकी को समझना और उनके अनुसार कार्य करना
- बुरे समय में भी हार न मानना

समय सबसे अधिक बलवान होता है। वह राजा को रंक और रंक को राजा भी बना सकता है। इस तरह समय का प्रभाव प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में पड़ता है। समय को हम पकड़ नहीं सकते। न ही उसको रोक सकते बल्कि उसका सदुपयोग ही कर सकते हैं। समय रूपी चक्र सदैव चलता रहता है। समय हमारे जीवन के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है तथा हमारे जीवन की सफ़लता की कुंजी भी है। जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सफ़लता के लिए समय का ऋणी होना चाहिए क्योंकि समय हमारे जीवन में सामाजिक जीवन व्यापारिक जीवन सभी को प्रदान करता है। प्रत्येक व्यक्ति को समय का महत्त्व समझकर समय के साथ चलना चाहिए। जो व्यक्ति समय का सदुपयोग नहीं करता, उसका जीवन निरर्थक हो जाता है।

**15. (क)** 21, कमला नगर,
नई दिल्ली,
दिनांक : 20/10/xx
प्रिय सिद्धार्थ,
विषय: छोटे भाई को मोबाइल का नुकसान समझाने हेतु।
प्रिय सिद्धार्थ,
सदा प्रसन्न रहो! आशा है कि तुम स्वस्थ व सकुशल होंगे। मुझे माता जी के पत्र द्वारा ज्ञात हुआ है कि तुम्हें मोबाइल पर गेम खेलने की आदत पड़ गई है। यह बिल्कुल अच्छी आदत नहीं है। तुम मोबाइल चलाने की वजह से खाना-खाना और पढ़ना तो बिल्कुल भूल ही गए हो। तुम्हें पता है कि मोबाइल की रोशनी से हमारी आँखें जल्दी खराब हो जाती हैं और 6 महीने बाद ही तुम्हारी बोर्ड की परीक्षा आ रही है। माँ ने मेहनत करके तुम्हारी कोचिंग की फीस जमा करी है। यदि तुम मोबाइल पर अधिक समय व्यतीत करोगे तो परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाओगे।

मुझे विश्वास है कि तुम अब से अपनी पढ़ाई में ध्यान लगाओगे और माँ का नाम रोशन करोगे। तुम्हारे पत्र की आशा में ....

तुम्हारी बड़ी बहन
सना

**(ख)** सेवा में,
स्टेशन मास्टर
मुम्बई रेलवे स्टेशन
मुम्बई
विषय: खोए हुए समान की जानकारी हेतु।

आदरणीय महोदय,

मेरा नाम मनीषा है और में अहमदाबाद की रहने वाली हूँ। अपनी माँ से मिलने के लिए में रेल से मुम्बई जा रही थी लेकिन इसी बीच मेरा सूटकेस चोरी हो गया। मेरा कम्पार्टमेन्ट नं. - एस-4, बर्थ नं. 8 और सीट नं. 62 था। मेरे सूटकेस के हैंडल पर ही मेरा नाम लिखा हुआ था। सूटकेस की किनारी लाल रंग की थी। उस सूटकेस के अन्दर कुछ कपड़े, सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, पहचान पत्र थे। साथ ही उसमें 20,000 रुपए भी थे। कुछ बैंक के आवश्यक कागज़ भी थे।

आपसे विनम्र अनुरोध है कि आप चोरों को जल्द से जल्द पकड़ लें ताकि मेरा चोरी हुआ सूटकेस मुझे प्राप्त हो सके।

धन्यवाद

मनीषा

**16. (क)** सेवा में,

शिक्षा अधिकारी

शिक्षा निदेशालय

केन्द्रीय विद्यालय

नई दिल्ली,

विषय: परा-स्नातक अध्यापक पद के लिए आवेदन।

महोदय,

नई दिल्ली शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट से ज्ञात हुआ है कि पी.जी.टी पद के लिए विज्ञापन प्रकाशित हुआ है। इस पद हेतु मैं अपना आवेदन-पत्र सेवा में प्रेषित कर रहा हूँ। इसके साथ ही मेरा स्ववृत्त इस प्रकार है—

नाम — रिहान

पिता का नाम — श्री जगदीश

माता का नाम — श्रीमती अंशु

जन्मतिथि — 1/03/1983

वर्तमान पता — 61/2 त्रिवेणी नगर, दिल्ली

दूरभाष संख्या 26835xxxx

मोबाइल संख्या 9843xxxxx

शैक्षणिक योग्यताएँ:

| क्र. सं. | परीक्षा | वर्ष | संस्था | बोर्ड | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवीं | 1998 | केन्द्रीय विद्यालय | सी.बी. एस. ई. | हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान गणित | प्रथम | 96% |
| 2. | बारहवीं | 2000 | केन्द्रीय विद्यालय | सी.बी. एस. ई. | गणित, इतिहास, भूगोल | प्रथम | 98% |
| 3. | विज्ञान में स्नातक (बी. एस. सी; | 2003 | डी. ई. आई. | दयालबाग़ | गणित | प्रथम | 92% |
| 4. | शिक्षा में स्नातक | 2004 | डी. ई. आई. | दयालबाग़ | शिक्षण विषय गणित | प्रथम | 93% |
| 5. | एम. एस. सी. | 2011 | डी. ई. आई. | दयालबाग़ | गणित | प्रथम | 91% |

अन्य सम्बन्धित योग्यताएँ—

- कम्प्यूटर का व्यावहारिक ज्ञान हिन्दी भाषा और अंग्रेज़ी भाषा में टाइपिंग।
- दो वर्ष का शिक्षण अनुभव

उपलब्धियाँ—

- कविता, लेखन में अनेक पुरस्तकार प्राप्त

उद्घोषणा

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त सभी सूचनाएँ सही हैं।

दिनांक: 23 अगस्त xxxx

स्थान: नई दिल्ली

हस्ताक्षर:

**(ख)** From : Sadhna@gmail.com

To : Mcf@gov.in

CC : .........

BCC : ........

विषय: समय से सामान न पहुँचाने के सन्दर्भ में।

महोदय,

इस समय होली का त्योहार है और घर में बहुत से मेहमान आए हुए हैं इसलिए मैंने Romato से दस डोसा और 15 छोले भटूरे की प्लेट ऑर्डर की थीं। Romato में समान पहुँचाने का समय केवल 20 मिनट ही दिखा रहा था लेकिन इस साइट ने 50 मिनट में भी सामान नहीं पहुँचाया है। आपसे निवेदन है कि ऐसी साइट को बन्द कर देना चाहिए जो लोगों को भ्रमित करती हैं और उनके समय को बर्बाद करती हैं।

साधना

**17. (क)** जल है- तो कल है




सौजन्य से:

मिल्टन स्कूल, आगरा दूरभाष: XXX22XXX

**(ख)** बधाई सन्देश

दिनांक: 10/10/xxxx

समय: 7:00 a.m.

प्रिय भईया, मुझे पता चला है कि आपको विदेश जाकर पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति मिली है। विदेश जाकर उच्च अध्ययन करने के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ हैं। आप अपने जीवन में इसी प्रकार निरन्तर उन्नति करते रहो और माँ का नाम भी रोशन करो। भगवान आपको दीर्घ आयु प्रदान करे।

आपकी छोटी प्रिय बहन

मोहिनी

**Outside Delhi Set-II** **3/6/2**

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**3. (i) विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—'जो झूठ बोलते हैं उनका कोई सम्मान नहीं करता।' सरल वाक्य रूपांतरित करने पर वाक्य बनेगा-'झूठ बोलने के कारण सम्मान नष्ट हो जाता है।'

**(ii) विकल्प (a) सही है।**

**4. (i) विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—जिस वाक्य में कर्म की प्रधानता होती है तथा क्रिया का प्रयोग कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार होता है, वहाँ कर्मवाच्य होता है।

**(ii) विकल्प (b) सही है।**

**8. (i) विकल्प (c) सही है।**

**व्याख्या**—नवाब साहब ने खीरों को धोया, छीलकर काटा, जीरा मिला नमक, मिर्च छिड़का, होठों तक ले गए और उन्हें सूँघकर फेंक दिया।

**(ii) विकल्प (a) सही है।**

**10. (i) विकल्प (a) सही है।**

**व्याख्या**—लक्ष्मण ने बताया है कि वीर युद्ध में पराक्रम दिखाते हैं न कि अपनी बड़ाई खुद करते हैं।

**(ii) विकल्प (c) सही है।**

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. (क)** लोग संस्कृति और सभ्यता को ठीक-ठीक समझने में अभी भी भूल इसलिए करते हैं क्योंकि वे इन दोनों बातों को ही एक समझ लेते हैं। दोनों शब्दों के अन्तर को समझने का प्रयास नहीं हुआ है। संस्कृति को देशों और धर्मों में विभाजित कर परिभाषित करने की प्रवृत्ति रही है।

**(ख)** बिस्मिल्ला खाँ शहनाई वादक के रूप में विख्यात हैं। यह अस्सी वर्ष से भी अधिक समय तक शहनाई बजाते

रहे। शहनाई की ध्वनि को मंगलदायी माना जाता है, इसलिए इन्हें 'मंगल ध्वनि का नायक' कहा गया है।

**(ग)** बालगोबिन भगत गृहस्थी के भीतर भी सन्यासी बनकर इस तरह रहे थे–

• वह कबीर के आदर्श पर चलते थे तथा उन्हीं के गीत गाते थे।

• कभी झूठ नहीं बोलते थे, खरा व्यवहार रखते थे।

• उनमें लालच बिल्कुल भी नहीं था।

**(घ)** हालदार साहब को नेताजी की मूर्ति में चश्मे की कमी नज़र आई और उन्होंने उसके कारण के विषय में यह अनुमान लगाया कि मूर्तिकार ने जब नेताजी की मूर्ति बनाई होगी तब शायद वह चश्मा बनाना भूल गया होगा या फिर चश्मा टूट गया होगा।

**12. (क)** इस वर्ष पाठ्यक्रम में पढ़ी आत्मकथ्य नामक कविता है जिसमें आत्मकथा लेखन के विषय में कवि ने अपनी राय व्यक्त की है। आत्मकथा के विषय में कवि के विचार इस प्रकार हैं—

• कवि का जीवन संघर्षों से भरा है इसलिए वह आत्मकथा लिखने से बचना चाहते हैं।

• कवि ने कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं की है, इसलिए वह आत्मकथा लिखने से बचना चाहते हैं।

**(ख)** 'सूर के पद' में प्रेम की मर्यादा का निर्वाह श्री कृष्ण ने नहीं किया। गोपियाँ श्री कृष्ण से अपेक्षा करती थीं कि वे उनके प्रेम की मर्यादा को रखेंगे लेकिन उन्होंने योग सन्देश भेजकर प्रेम की मर्यादा को ही तोड़ दिया।

**(ग)** 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के तीनों मुख्य पात्रों में लक्ष्मण ने मुझे सर्वाधिक प्रभावित किया क्योंकि लक्ष्मण ने परशुराम को बताया कि हम भी कोमल बालक नहीं जो आपकी धमकियों से डर जाएँगे। वीर योद्धा व्यर्थ ही अपनी वीरता की डींगें नहीं हाँकते बल्कि युद्ध भूमि में युद्ध करते हैं।

**(घ)** 'उत्साह' कविता क्रांति और बदलाव की कविता इस प्रकार है—

• कवि बादलों से गरजने के लिए इसलिए कहता है क्योंकि गरजने से लोगों में उत्साह और क्रांति के भाव का संचार होता है।

• दूसरी ओर वह समाज में बदलाव लाना चाहता है। लोगों में नया जोश और क्रांति लाकर उन्हें जाग्रत होने के लिए प्रेरित करता है।

**16. (क)** सेवा में,

संकल्प ट्रस्ट

शास्त्रीपुरम

आगरा,

**विषय—गैर-सरकारी संगठन के मुख्य कार्यकारी प्रबन्धक के लिए आवेदन**

महोदय,

मैंने अखबार में गैर-सरकारी संगठन के मुख्य कार्यकारी के पद हेतु विज्ञापन देखा था। इस पद हेतु में अपना आवेदन-पत्र आपकी सेवा में प्रेषित कर रही हूँ। इसके साथ मेरा स्ववृत्त निम्नलिखित हैं—

नाम — सीमा

पिता का नाम — श्री रमेश चन्द्र

माता का नाम — श्रीमती भगवान देवी

जन्मतिथि — 18 अप्रैल, 1983

वर्तमान पता — 61, कमला नगर आगरा

दूरभाष संख्या — 648 × 47 × 55

मोबाइल संख्या — 90 × 34 × × × ×

**शैक्षणिक योग्यताएँ**

| क्रम संख्या | परीक्षा | वर्ष | संस्था | बोर्ड | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवीं | 1998 | केन्द्रीय विद्यालय | सी.बी.एस.ई. | अंग्रेजी, हिन्दी, सामाजिक विज्ञान | प्रथम | 91% |
| 2. | बारहवीं | 2000 | केन्द्रीय विद्यालय | सी.बी.एस.ई. | इतिहास, सामाजिक विज्ञान | प्रथम | 98% |
| 3. | बी.ए. | 2003 | डी. ई. आई | दयालबाग | समाजशास्त्र | प्रथम | 92% |
| 4. | एम. ए. | 2005 | डी. ई. आई | दयालबाग | समाजशास्त्र | प्रथम | 89% |

**अन्य सम्बन्धित योग्यताएँ**

• कम्प्यूटर का ज्ञान।

• एक वर्षीय प्रबन्धक कोर्स।

**उपलब्धियाँ**

• स्वच्छता अभियान में भाग लेने पर पुरस्कार प्राप्त।

**उद्घोषणा**

मैं प्रमाणित करती हूँ कि उपर्युक्त सभी सूचनाएँ सत्य हैं।

**दिनांक :** 19 अप्रैल 20××

**स्थान :** आगरा

**हस्ताक्षर**

...............

**(ख)** From : Prateek65@gmail.com

To : ×y25school@gmail.com

CC......

BCC......

**विषय—नौकरी से त्यागपत्र देने हेतु**

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि मैंने यू. पी. पी. सी. एस. की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। मैं आपके विद्यालय में गणित के शिक्षक के पद पर कार्यरत हूँ लेकिन अब मेरा जॉयनिंग लेटर भी आ गया है, इसके कारण में इस विद्यालय में अपनी सेवा देने में असमर्थ हूँ।

अत: आपसे अनुरोध है कि मेरे (गणित शिक्षक पद का) इस्तीफा स्वीकार करें। आपकी अति कृपा होगी।

बहुत आभारी और सादर

**प्रतीक**

(गणित शिक्षक)

**Outside Delhi Set-III** **3/6/3**

## खण्ड-'अ'

### (बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न)

**3. (i) विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—उपर्युक्त वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित करने पर होगा—'बोलचाल की भाषा कविता को प्रभावशाली बनाती है।'

**(ii) विकल्प (a) सही है।**

**4. (i) विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—कर्मवाच्य में कर्ता के बाद 'से' या 'के द्वारा' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

**(ii) विकल्प (b) सही है।**

**8. (i) विकल्प (a) सही है।**

**व्याख्या**—नवाब साहब द्वारा बार-बार खीरा खाने का आग्रह किया जा रहा था, इसे लेखक ने साफ़-साफ़ मना करके टाला।

**(ii) विकल्प (b) सही है।**

**10. (i) विकल्प (b) सही है।**

**व्याख्या**—गोपियाँ कृष्ण को हारिल की लकड़ी के समान पकड़ी हैं-इसका आशय यह है कि गोपियाँ मन, वचन और कर्म से एकनिष्ठता में कृष्ण के प्रति समर्पित हैं जिस प्रकार हारिल पक्षी लकड़ी के लिए होता है।

**(ii) विकल्प (a) सही है।**

## खण्ड-'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. (क)** कैप्टन नेता जी की मूर्ति पर लगा चश्मा अक्सर इसलिए बदल देता था क्योंकि उसे चश्माविहीन मूर्ति देखकर दु:ख होता था। इस हरकत से यह पता चलता है कि कैप्टन सच्चा देशभक्त और शहीदों के प्रति आदरभाव रखने वाला व्यक्ति था।

**(ख)** भगत की पुत्र-वधू भी उनकी इतनी ही चिन्ता करती थी जितनी भगत उसकी करते थे। पुत्र की मृत्यु के पश्चात् भगत ने पुत्रवधू को उसके घर भेजने का निर्णय लिया लेकिन पुत्रपधू ने मना कर दिया क्योंकि वह उनको अकेला छोड़कर नहीं जाना चाहती थी। वह उनकी सेवा करने को अपना फर्ज़ समझती थी।

**(ग)** काशी में बहुत सी परम्पराएँ लुप्त हो गई हैं जैसे संगीत और अदब की परम्पराएँ कम हो गई हैं। यहाँ पर हिन्दू और मुसलमान में पहले जैसा भाईचारा विद्यमान नहीं है। इन परिवर्तनों को देखकर बिस्मिल्ला खाँ दु:खी होते हैं। वह सोचते हैं कि गायकों के मन में संगीतकारों का वैसा सम्मान नहीं हो रहा है।

**(घ)** लेखक के अनुसार जो व्यक्ति अपनी योग्यता के आधार पर नए तथ्यों का आविष्कार करता है, वहीं संस्कृत व्यक्ति है। न्यूटन ने भी सर्वप्रथम गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्त को प्रतिपादित किया, इसलिए वह संस्कृत मानव है। आविष्कार का जनक ही संस्कृत व्यक्ति होता है।

**12. (क)** 'राम-लक्षमण-परशुराम संवाद' के अन्तर्गत लक्ष्मण ने वीरों और कायरों की बहुत सी विशेषताओं का उल्लेख किया है क्योंकि परशुराम धनुष टूटने के कारण क्रोधित होते हैं।

- वीर योद्धा शान्त, विनम्र और साहसी हृदय का होता है।
- वह अपनी वीरता का बखान स्वयं नहीं करता बल्कि युद्ध भूमि में युद्ध करता है।

**(ख)** पाठ्यक्रम में पढ़ी 'अट नही रही है' कविता पूरी तरह प्रकृति के सौन्दर्य पर केन्द्रित है।

- फाल्गुन माह में चारों तरफ़ एक से एक खूबसूरत फूल खिल जाते हैं।
- डाली हरे और लाल रंग के पत्तों से भर जाती है।
- वातावरण सुगंधित फूलों की खुशबू से महक उठता है।

**(ग)** बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर अधिक प्रभाव पड़ता है। कवि को यह मुस्कान ऐसी लगती है जो मृत शरीर में प्राण डाल दे क्योंकि बच्चे की मुस्कान सरल और स्वाभाविक होती है। उसमें कोई स्वार्थ निहित नहीं होता।

**(घ)** 'कंथा के सीवन को उधेडने' का अर्थ गुदड़ी को खोलना है अर्थात् अन्तर्मन की पिछली परतों को खोलना। कवि के लिए आत्मकथा लिखना सीवन उधेड़ने जैसा इसलिए है क्योंकि उनके अनुसार उनके जीवन में सुख के ऐसे पल कभी नहीं आए, जिससे वह प्रेरित हो सके। उन दु:ख भरे क्षणों को वह भूल चुके हैं, उन्हें फिर से याद नहीं करना चाहते।

**16. (क)** सेवा में,

यूनियन बैंक

आगरा,

**विषय—कम्प्यूटर इंजीनियरों के पद के लिए आवेदन हेतु**

महोदय,

हिन्दुस्तान अखबार में मैंने आपकी बैंक का एक विज्ञापन देखा जिसमें यूनियन बैंक को कुछ कम्प्यूटर इंजीनियरों की आवश्यकता है। इस पद हेतु मैं अपना आवेदन-पत्र आपकी सेवा में प्रेषित कर रही हूँ। इसके साथ मेरा स्ववृत्त निम्नलिखित है—

नाम — मारिया

पिता का नाम — स्व. श्री वेद प्रकाश

माता का नाम — श्रीमती कमलेश

जन्मतिथि — 6/12/××××

वर्तमान पता — 61/2 कमला नगर, आगरा

दूरभाष संख्या — 253 × 33 × 44

मोबाइल संख्या — 9045 × × × × × ×

**शैक्षणिक योग्यताएँ**

| क्रम संख्या | परीक्षा | वर्ष | संस्था | बोर्ड | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवीं | 2011 | प्रेम विद्यालय | दयालबाग | पी.सी.एम | प्रथम | 80% |
| 2. | बारहवीं | 2013 | प्रेम विद्यालय | दयालबाग | पी.सी.एम | प्रथम | 85% |
| 3. | बी.एस.सी. | 2016 | डी. ई. आई | दयालबाग | कम्प्यूटर साइंस | प्रथम | 91% |

**रुचि**

- कविता और लेखन में अधिक रूचि है।

**अनुभव**

- एक साल तक पंजाब नेशनल बैंक में काम किया है।

**उद्घोषणा**

मैं प्रमाणित करती हूँ कि उपर्युक्त सभी सूचनाएँ सत्य हैं।

**दिनांक :** 23 अगस्त ××××

**स्थान :** आगरा

**हस्ताक्षर**

...............

**(ख)** From : Bhuvi123@gmail.com

To : Aditya courier company@gmail.com

CC......

BCC......

**विषय—पार्सल न पहुँचने हेतु शिकायत**

महोदय,

मेरा नाम भुवी है और में कोल्हापुर महाराष्ट्र की निवासी हूँ। मेरे कुछ पारिवारिक सदस्य दिल्ली में भी रहते हैं। उन्होंने दिल्ली से एक पार्सल मेरे लिए भेजा है जिसमें मेरे अध्ययन की महत्त्वपूर्ण किताबे हैं और मेरी परीक्षा भी नज़दीक आ गई है। लेकिन वह पार्सल अभी तक मेरे पास नहीं पहुँचा । इस पार्सल को भेजे हुए अब तक 25 दिन हो चुके हैं।

अत: आपसे निवेदन है कि मेरे पार्सल को शीघ्र से शीघ्र पहुँचाने का कष्ट करें।

**भवदीया**

भुवी।

❑❑❑